रोहतक
मंगलवार, 23 जनवरी 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 27, अंक : 362
पृष्ठ 14 मूल्य 3.50
मौसम
अधि. 14.5
न्यून. 4.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



सुभाषचंद्र बोस जयंती आज











## बिलकिस गैंगरेप के 11 दोषियों ने किया सरेंडर

वडोदरा। बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों ने रविवार देर रात गोधरा जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था।

# श्रीराम रंग से सराबोर हुआ प्रदेश

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** अयोध्या में सोमवार को 22 जनवरी को होने वाली भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हरियाणा के लोगों में खासा उत्साह है। शहरों में जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए गए। बाजार के साथ घरों को भी लोगों ने रोशनी करने वाली झालरों से सजाया है। वहीं, रात होते ही पूरे हरियाणा के मंदिरों व घरों में दीये जलाकर लोग दिवाली मना रहे हैं। साथ ही आतिशबाजी कर रहे हैं। दीपों से जय श्रीराम लिखा। वहीं, कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर महाआरती के बाद आतिशबाजी की गई। श्री रामलला के स्वागत के लिए राज्यभर में शोभायात्राएं व पदयात्राएं निकाली गईं। सीएम मनोहर लाल भी करनाल के कर्णेश्वर मंदिर पहुंचे। मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना से पहले कलश रखा। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रामसेतु से लाए हुए पत्थर को भी देखा। करनाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम कहते थे कि सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनाएंगे। हम श्रीराम के वंशज हैं, मंदिर भी वहीं बनाया है, आज 22 जनवरी 2024 को एक नया सवेरा आया है।

### मनोहर बोले-यह पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हर्ष और खुशी का दिन है। इस अवसर पर उन्होंने पूरे देश की जनता को हार्दिक बधाई दी और कहा यह पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करनाल के श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर से लाइव देखा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखकर मन भाव विभोर हो गया। इस प्रसन्नता में न केवल पूरे देश, बल्कि विश्व के करोड़ों लोग शामिल हैं। आज एक नए युग का शुभारम्भ हुआ है।



- दीपों से लिखा-जय श्रीराम
- कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर महाआरती के बाद आतिशबाजी
- प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखकर मन भाव विभोर हो गया : सीएम
- मनोहर ने कहा, हम श्रीराम के वंशज, मंदिर वहीं बनाया, 22 जनवरी को नया सवेरा आया

### गोशालाओं को चेक दिया

मुख्यमंत्री ने श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर करनाल की तीन गोशालाओं को अनुदान के चेक वितरित किए। उन्होंने अखाड़ा बाबा साहिब गिरी गऊ चिकित्सालय को 2.10 लाख, श्री कृष्ण कृपा गऊशाला को 6.72 लाख व श्री राधाकृष्ण गोशाला को 9.3 लाख रुपये का अनुदान दिया।

## प्रदेश में भीषण ठंड से राहत नहीं, कोल्ड डे का रेड अलर्ट

**हरियाणा(हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली ठंड का दौर जारी है। सोमवार को 24 घंटे के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में सामान्य से 7.3 डिग्री गिरावट दर्ज की गई। इस कारण प्रदेश में ठंडे दिन की स्थिति रही। वहीं, भारतीय मौसम विभाग ने ठंड को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। 11 जिले अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, कैथल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद शामिल हैं। इन जिलों में भीषण ठंड और कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। भारतीय मौसम विभाग की तरफ से लगातार अलर्ट जारी किए जा रहे हैं।

- अब 25 जनवरी से बदल सकता है मौसम

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सूबे में ठंड की चरम स्थिति के पीछे मुख्य कारण कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना है। साथ ही उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण शीतलहर चल रही है। इन हवाओं के साथ ही बीच-बीच में दक्षिण-पूर्वी व दक्षिण-पश्चिमी नमी वाली हवाओं के चलने से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। अब 25 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बादलवाही होगी और तापमान में उतार चढ़ाव आएगा।







**खबर संक्षेप**



## अनुवाद से ही विश्व साहित्य से परिचय संभव : मालवीय

**चंडीगढ़।** रूसी भाषा एवं साहित्य प्रोफेसर, डॉ. पंकज मालवीय द्वारा अनूदित कहानी संग्रह थिएटर के बाद (अंतोन चेखव की 120 प्रतिनिधि कहानियां) का विमोचन रूसी भाषा विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान किया गया। यह कहानी संग्रह दो भागों में विभक्त है। प्रत्येक भाग में अंतोन चेखव की 60- 60 कहानियां हैं। इस संग्रह में कुल 720 पृष्ठ हैं, जिसे सृष्टि प्रकाशन, चंडीगढ़ ने प्रकाशित किया है। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर अभय मौर्य भूतपूर्व कुलपति, आंग्ल एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद मुख्य अतिथि रहे।

## पुस्तकें बना रही बेहतर नागरिक: कौशल

**चंडीगढ़।** पंचकूला में आयोजित पुस्तक मेले का सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने पुस्तकों के महत्व और डिजिटल युग में भी इनकी अहमियत पर रोशनी डाली। आयोजकों में बिजलीनिगमों के अध्यक्ष पीके दास का कहना था कि इस प्रकार के आयोजन हर साल करने चाहिए ताकि युवा पीढ़ी में पुस्तकों के पठन का सिलसिला जारी रहे। उनके साथ में आईएएस अधिकारी एवं एमडी मोहम्मद साइन भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि में रूप में मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल ने कहा पुस्तक संस्कृति के उत्थान में पुस्तक मेले की ऐतिहासिक भूमिका है, किताबें मनुष्य को एक बेहतर नागरिक बनाती है।

## सड़क सुरक्षा की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा

**फरीदाबाद।** अवैध पार्किंग, विदाउट नंबर प्लेट विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एवं विदाउट हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग इत्यादि के चालान किए है। विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान वाहन चालकों के 1131 चालान किए है जिसमें अवैध पार्किंग के 75 चालान, विदाउट नंबर प्लेट विदाउट हाई सक्योिरिटी नंबर प्लेट के 19 चालान, विदाउट हेलमेट के 378 चालान, ट्रिपल राइडिंग के 16 चालान किए गए।

## प्राण प्रतिष्ठा के साथ औद्योगिक नगरी राममय

**फरीदाबाद।** भय प्रगट कृपाला, दीन दयाला, कौशल्या हित कारी आज जब 500 साल की लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद रामलला अयोध्या में नवनर्मिति राम मंदिर में विराजमान हुए समूचे देश के साथ-साथ औद्योगिक नगरी भी राम मय हो गई। औद्योगिक नगरी में पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने जहां गरीबों को कम्बल वितरित करने के साथ-साथ भण्डारे का आयोजन किया, तो वही मुख्यमंत्री के पूर्व सलाहकार भी मौजूद रहे।


# 2100 करोड़ की 153 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कल

## मुख्यमंत्री हिसार से वर्चुअली देंगे सौगातें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 को हिसार से वर्चुअली लगभग 2100 करोड़ रुपये से अधिक की 153 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और सिंचाई एवं जल प्रबंधन पर केंद्रित हैं। इन परियोजनाओं में 1374 करोड़ रुपये की 78 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 741 करोड़ रुपये की 75 परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा 10 बड़ी परियाजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया जाएगा। शेष परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास अन्य जिलों में केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों व विधायकों द्वारा किया जाएगा।

बड़ी परियोजनाओं में लगभग 333 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-78, फरीदाबाद में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के नए भवन का निर्माण, लगभग 185 करोड़ रुपये की लागत से पंजाब सीमा से रतिया-फतेहाबाद-भट्टू-भादरा से राजस्थान सीमा तक बुढलाडा सड़क का सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण, लगभग 86 करोड़ रुपये की लागत से रेवाडी-नारनौल रेलवे लाइन पर 4 लेन आरओबी का निर्माण, लगभग 76 करोड़ रुपय की लागत से सनोली-पानीपत रोड (जीटी रोड एनएच-44) तक का सुधार कार्य, लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में टीचिंग ब्लॉक-।।। का निर्माण और लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से रतिया शहर में नहर आधारित जलघर के निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है।



■ जिलों में मंत्री और विधायक करेंगे उद्घाटन

### पानीपत में 87 करोड़ से दो एसटीपी लगेंगे

इसके अलावा, मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 87 करोड़ रुपये से पानीपत टाउन में 15 एमएलडी और 25 एमएलडी क्षमता के दो एसटीपी, लगभग 62 करोड़ रुपये की लागत से सोनीपत शहर में ट्रीटेड वेस्ट वॉटर के पुनः उपयोग के लिए सीवरेज नेटवर्क का विस्तार तथा लगभग 58 करोड़ रुपये की लागत से जिला सोनीपत में 10 गांवों के लिए जल आपूर्ति योजना का विस्तार सहित अमृत योजना के तहत सोनीपत शहर के शेष क्षेत्रों में जल वितरण प्रणाली का उद्घाटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इससे पहले भी कई बार डिजिटल माध्यम से पूरे प्रदेश में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। इस तरह डिजिटली एक ही स्थान से इतने व्यापक स्तर पर परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करना ई-गवर्नेंस का एक बड़ा उदाहरण है।

## प्रदेश के 60 तालाबों का लोकार्पण करेंगे

■ फतेहाबाद के डुल्ट से करेंगे वर्चुअली शुभारंभ

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर विजन और लक्ष्य को देश में सबसे पहले क्रियांवित करने की दिशा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अहम कदम उठाये हैं, जिसकी चर्चा स्वयं प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों व अपने मन की बात कार्यक्रम में की है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों को भी हरियाणा का अनुकरण करने की सलाह दी।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के अमृत सरोवर मिशन को फलीभूत करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर वर्ष 2022 को सोनीपत जिला के नाहरा गांव के गंगेश्वर तालाब से राज्य के 111 तालाबों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की शुरूआत की थी। इसी श्रंखला में 24 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री फतेहाबाद जिला के डुल्ट गांव से प्रदेश के 60 और अमृत सरोवर तालाबों के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण करेंगे, इनमें भिवानी के 3, चरखी दादरी के 6, झज्जर के 6, नूंह के 7, फतेहाबाद के 31, हिसार के 4, कैथल, पलवल व पंचकूला के एक-एक अमृत सरोवर शामिल हैं। जल संरक्षण की दृष्टि से प्रधानमंत्री द्वारा अमृत सरोवर मिशन नाम से एक नई पहल की शुरूआत की गई। इस मिशन का उद्देश्य आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश के प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों का विकास और कायाकल्प करना है।

हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्रों में 18,748 तालाब और शहरी क्षेत्रों में 901 तालाब हैं। प्रधानमंत्री के मिशन के अनुसार हरियाणा के 22 जिलों में 1650 तालाबों को अमृत सरोवर मिशन के तहत लक्षित किया गया था। मुख्यमंत्री ने इसे देखते हुए सबसे पहले हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया है, जो निरंतर इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### भाजपा ने मिशन 2024 को कसी कमर

## लोकसभा सीटों पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य किए नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



■ प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने लोकसभा प्रभारी और संयोजक भी किए नियुक्त

भाजपा चुनाव मिशन-2024 के तहत जिम्मेदारी देने में लगी हुई है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सभी दस लोकसभा सीटों पर राष्ट्रीय परिषद की नियुक्ति की है। साथ ही सभी लोकसभा सीटों पर प्रभारी और संयोजक के नामों की घोषणा की है। पार्टी अध्यक्ष की ओर से चुनाव प्रबंधन कमेटी की लिस्ट भी जारी कर दी गई है। राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में अंबाला पूर्व सांसद स्वर्गीय रतन लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया, कुरुक्षेत्र से कृष्ण बेदी, भिवानी से शंकर धूपड़, गुरुग्राम से नरबीर सिंह, यमुनानगर से संगीता सिंघला, फरीदाबाद से संदीप जोशी, रोहतक से प्रदीप जैन, सिरसा से विजय पाल, और हिसार से रवि सैनी को सदस्य बनाया गया है।

### ये होंगे प्रभारी

अंबाला लोकसभा का डॉक्टर पवन सैनी को प्रभारी और विधायक असीम गोयल को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री के शहर करनाल में घनश्याम दास अरोड़ा को प्रभारी और हरविंद्र कल्याण को संयोजक बनाया है। कुरुक्षेत्र लोकसभा का प्रभारी कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर को बनाया है। संयोजक कृष्ण बेदी को बनाया है। सोनीपत का प्रभारी ढांडा को और संयोजक जवाहर सैनी को नियुक्त किया है।गुरुग्राम लोकसभा सीट का प्रभारी अजय गौड़ और संयोजक मनीष मित्तल को बनाया गया है।

### जीएस शर्मा होंगे फरीदाबाद प्रभारी

फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी की जिम्मेदारी जीएस शर्मा को दी है, दीपक मंगला को संयोजक बनाया है। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा का प्रभारी लक्ष्मण यादव, संयोजक शंकर धुपड़ को बनाया गया है। रोहतक का प्रभारी राजीव जैन, संयोजक सतीश नांदल, हिसार का प्रभारी सुभाष बराला को और संयोजक रवि सैनी को बनाया गया है। सिरसा लोकसभा का प्रभारी कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता को और संयोजक आदित्य चौटाला को नियुक्त किया गया है।

## पीएम गति शक्ति योजना को लेकर बैठक



**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव संजीव कौशल सोमवार को पीएम गति शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर तीसरी सशक्त सचिव समूह की अध्यक्षता की। बैठक में कई मुद्दों पर मंथन किया गया।

## साढ़े नौ लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड किए वितरित

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार ने हर वर्ग के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की है। जिससे जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। आज देश व प्रदेश विकसित, खुशहाल व ताकतवर बन रहा है। सामूहिक योगदान से 2047 तक हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करेंगे। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा में 50 लाख 10 हजार से अधिक लोग भागीदारी कर चुके है। इस दौरान 8 लाख 62 हजार से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच, 9 लाख 46 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए है। ग्रामीणों को इस बात की खुशी है कि रतिभावान युवाओं को उन्हीं के बीच में सम्मान दिया जा रहा है।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई कल

**चंडीगढ़।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिलों के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 24 जनवरी को मुख्य अभियंता हिसार के कार्यालय में होगी।

## दिल्ली व पंजाब में रामराज्य की अवधारणा पर चल रही सरकार



■ आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा का दावा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बयान जारी कर कहा कि आम आदमी पार्टी रामराज्य की अवधारणा और आदर्श से प्रेरणा लेकर दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रहे हैं। आम आदमी पार्टी की कोशिश है कि कोई भूखा न सोएं, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले, बेघरों के लिए रहने, खाने और पीने की व्यवस्था की जाए, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, हर व्यक्ति को अच्छा और मुफ्त इलाज मिले, महिलाओं को सुरक्षा मिले, हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली, पीने का पानी और सम्मान मिले। अब दिल्ली और पंजाब में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है और हर व्यक्ति को मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब 2024 में हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी सरकार बनाकर जनता जनार्दन के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हम सबके आराध्य हैं। वो अयोध्या के राजा थे, उनके शासनकाल में जनता सुखी थी और हर सुविधा उपलब्ध थी। उसी रामराज्य से प्रेरणा लेकर हम सार्थक प्रयास कर रहे है।

## राहुल गांधी को मंदिर में प्रवेश करने से रोका गया : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भगवान श्रीराम किसी राजनीतिक पार्टी के नहीं है बल्कि सबके, श्रीराम भाजपा के सर्टीफिकेट के मोहताज नहीं है। उन्होंने असम में राहुल गांधी को मंदिर में प्रवेश करने से रोकने की कड़े शब्दों में निंदा की। सैलजा ने कहा कि श्रीराम किसी भी राजनीतिक दल के नहीं हैं राम सभी के है और सब में राम है। श्रीराम भाजपा के सर्टीफिकेट के मोहताज नहीं है। सब देख रहे है कि एक राजनीतिक दल भगवान श्री राम के नाम पर राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल तो आते जाते रहते हैं पर राम है और सब में रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल में सनातनी है जो राम से जुडा हुआ है, उसकी धार्मिक आस्थाएं एक है पर राजनीतिक विचारधारा अलग अलग है। धर्म और मंदिर के नाम पर समाज को नहीं बांटना चाहिए। उन्होंने कहा कि असम में राहुल गांधी को प्रवेश करने से रोका गया जबकि वे वहां पर आमंत्रित थे। यह राम के नाम पर तानाशाही नहीं तो क्या है, राम के मंदिर में किसी को आने जाने से कोई नहीं रोक सकता।

# विदेशों की तर्ज पर खुलेंगे ओल्ड एज होम बुजुर्गों को एक छत के नीचे मिलेंगी सुविधाएं

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ सामाजिक व धार्मिक संगठनों को साथ जोड़ा जाएगा

बदलते वक्त और बुजुर्ग लोगों की अनदेखी के बढ़ते मामलों को लेकर हरियाणा की मनोहर सरकार जल्द ही प्रदेश के अंदर आधुनिक (ओल्ड-एज-होम) वृद्धाश्रम खोलने की तैयारी में है, इसके लिए मुख्यमंत्री ऑफिस के वरिष्ठ अधिकारी योजना तैयार कर जमीनी हकीकत में बदलने का होमवर्क पूर्ण कर चुके हैं। सीएमओ में तैनात अफसर और सरकार चाहते हैं कि सरकार केवल आर्थिक तौर पर मदद करें लेकिन समाजसेवियों और संस्थाओं द्वारा इन केंदों को संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशों पर राज्य में बुजुर्गों के लिए विदेशी पैटर्न पर वृद्धाश्रम (ओल्ड एज होम) खोलने को लेकर होमवर्क किया गया है।

### पायलट प्राजेक्ट शुरू किया जाएगा

हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री ऑफिस में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आशिमा बराड़ का कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल नहीं चाहते कि बीमार और बुजुर्ग किसी प्रकार से परेशान हों अथवा उनकी अनदेखी हो। मुख्यमंत्री प्रदेश के अंदर अक्सर बेसहारा वह अकेलापन महसूस करने वाले बुजुर्गों को एक सुरक्षित स्थान प्रदान करने की मंशा रखते हैं ,जिसको लेकर हम जल्द ही इस प्रकार के केंद्र की शुरुआत करेंगे। उनका कहना है कि फिलहाल यह है पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक या दो जिलों में संचालित किए जाएंगे बाद में इसको प्रदेश भर में चलाया जाएगा। उनका कहना है कि जनता के सहयोग के बिना कोई भी योजना अधूरी है, इसलिए इसमें सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों और धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा।

खास बात यह है की ये सभी सरकारी नहीं बल्कि इसमें समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाएगा।

इनका संचालन भी समाजसेवी और धार्मिक लोग करेंगे। फिलहाल राज्य की मनोहर सरकार इसको दो से तीन जिलों में बतौर पायलट प्रोजेक्ट लाने की तैयारी में है। इसके बाद में इसको हर जिले में खोलने की तैयारी की जा रही है। सरकार की ओर से दिशा निर्देशों के बाद अंडर वन रूफ (एक ही छत के तले) तमाम सुविधाएं, अर्थात मेडिकल मदद, डाक्टर नर्स, योगा के साथ साथ में इनके मनोरंजन आदि की व्यवस्था, पुस्तकें पढ़ने की व्यवस्था लाइब्रेरी सहित तमाम बिंदुओं पर विचार मंथन हो रहा है।

इतना ही नहीं इसकी एवज में पेंशनर्स और आर्थिक तौर पर मजबूत बुजुर्गों से हर माह न्यूनतम राशि लेने की व्यवस्था भी रखी जाएगी ताकि उन्हें यह भी ना लगे कि वे किसी अन्य के ऊपर पूरी तरह से नर्भिर हैं। काफी संख्या में अकेलेपन और सुरक्षा को लेकर चिंतित बुजुर्ग भी इस तरह की व्यवस्था के हक में हैं। मुख्यमंत्री ऑफिस इस दिशा में योजना तैयार कर इसको हकीकत में बदलने की दिशा में कदम उठाने जा रहा है। खास बात यह है कि एक ही छत के नीचे बुजुर्गों को तमाम सुविधाएं भी देने को लेकर रणनीति तैयार की गई है।

उसमें धार्मिक पुस्तकों, टीवी, एलईडी, नेट की सुविधा, सत्संग और खेल के लिए भी कुछ व्यवस्था करने की बात है। यहां डॉक्टरों और नर्स जैसी सुविधा देने पर रणनीति बनाई गई है। हरियाणा के विभन्नि जिलों में घटने वाली अपराध की घटनाओं, ठगी और घरों में घुसकर बुजुर्गों के साथ में लूट खसौट असुरक्षा की भावना को दूर करने में भी यह केंद्र रामबाण साबित होंगे।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से उत्साह : कंवरपाल

**चंडीगढ़।** स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि 500 साल बाद आज श्री राम अपने महल में लौटे हैं। श्री राम मंदिर के लिए जिन असंख्य कारसेवकों, साधु, संतों ने अपना बलिदान दिया वह उन्हें नमन करते हैं। आज न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी राम भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। विदेशों में श्रीराम के झंडे लगाकर कार रैलियां निकाली जा रही है। जगह-जगह शोभा यात्राएं भी निकाली जा रही हैं। कंवर पाल ने अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम को जगाधरी से देखा।




**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)

**परीक्षा सूचना**

**विज्ञा. सं. 3/2023 के तहत ग्रुप सं. 20, 44 और 50 के तहत सभी श्रेणियों के लिए सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय फेज) की लिखित परीक्षा (ओएमआर आधारित) हेतु उम्मीदवारों को सूचना**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग विज्ञा. सं. 3/2023 के तहत ग्रुप सं. 20, 44 और 50 के तहत सभी श्रेणियों के लिए सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय फेज) की लिखित परीक्षा (ओएमआर आधारित) का आयोजन 28.01.2024 (रविवार) को निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुरूप करेगा :-

कार्यक्रम

| क्र. सं. | ग्रुप सं. | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय | परीक्षा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रुप 20 : सहायक प्रबंधक (प्रोक्योरमेंट, प्रोडक्शन, एमआईएस, बैक्टरियोलॉजिस्ट और क्वालिटी कंट्रोल) तथा एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट (प्रोक्योरमेंट एंड प्रोडक्शन) | 3/2023 | 28.01.2024 (प्रातःकालीन सत्र) पूर्वा. 10:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थिति समय पूर्वा. 08:30 बजे (पूर्वा. 09:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | प्रवेश-पत्र के अनुरूप |
| 2. | ग्रुप 44 : रेडियोग्राफर, अल्ट्रासाउंड टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन<br>ग्रुप 50 : इंडियन कुक | | 28.01.2024 (सायंकालीन सत्र) अप. 03:15 बजे से अप. 05:00 बजे तक उपस्थिति समय अप. 01:30 बजे (अप. 02:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |

2. **चयन मानदंड और अन्य महत्वपूर्ण निर्देश**
**उपरोक्त पदों हेतु चयन मानदंड पहले ही विज्ञा. सं. 03/2023 दिनांक 07 मार्च 2023 में वर्णित किए गए हैं।**
उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर 23.01.2024 से अपलोड किए जाएंगे। सभी शार्टलिस्टेड उम्मीदवारें (ग्रुपवार सूची आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर जल्द अधिसूचित की जाएगी) जो ऊपर वर्णित ग्रुपों में परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं वे अपने प्रवेश-पत्र 23.01.2024 से डाउनलोड कर सकते हैं। **उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये निर्देशों को और नीचे वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों को परीक्षा में आने से पूर्व ध्यानपूर्वक पढ़ना और उनका सख्ती से अनुपालन अवश्य करना चाहिए।**

टिप्पणियां :-
1. **उम्मीदवारों हेतु लिखित परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्देश आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध हैं जिन्हें उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा में आने से पूर्व ध्यानपूर्वक पूरा पढ़ा जाना चाहिए।**
2. **यदि किसी उम्मीदवार ने इन ग्रुपों के तहत आवेदन किया है किन्तु वे अपना अनुक्रमांक आयोग द्वारा अपलोडेड नहीं पाता/पाती है तो उम्मीदवार आयोग कार्यालय में सभी सम्बद्ध दस्तावेजों सहित 25.01.2024 को अप. 2.00 बजे तक उपस्थित हो सकता/सकती है।**

आयोग द्वारा डाक के माध्यम से उम्मीदवारों को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएंगी।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 18 जनवरी 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/608/2024/24376/88/6 दि. 22.01.24

**प्रपत्र सं. 3**
[नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/442/2023
[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।]
ईएक्सएच. नं. : 20467
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
प्रवीन

सेवा में,
1. प्रवीन
डी/डब्ल्यू/एस दिलबाग
श्री प्रवीन पुत्र श्री दिलबाग निवासी गांव सिसाना-1 (26-आर) सिसाना, सोनीपत-131408, हरियाणा, पैन नं. CHIPP92598, सोनीपत हरियाणा
2. श्री दिलबाग पुत्र जिला सिंह निवासी गांव सिसाना-1 (26-आर) सिसाना, सोनीपत, हरियाणा-131408
3. श्री अजय कुमार
पुत्र श्री राम कुमार, निवासी गांव बहुअकबरपुर-94, रोहतक, हरियाणा-124001

**सम्मन**

चूंकि, ओए/442/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 19.09.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरुद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 33,73,552/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :
(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;
(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;
(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं करेंगे;
(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और **21.02.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 22.09.2023 को जारी किया गया।**

**सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में महेन्द्रगढ़-सतनाली-लोहारु रोड कि.मी. 53.48 से 85.48 (एसएच 24) (रोड आईडी 8290) रोड का आवधिक नवीनीकरण। | 19.01.2024 09.02.2024 | 1341.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 2 | सीईओ, जिला परिषद पलवल | गांव बाहिन ब्लॉक हथीन, जिला पलवल में ओपन हॉल का निर्माण। | 11.01.2024 26.01.2024 | 9.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8185016460 d.bhumit.official@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज कैथल | गांव जाजनपुर में हरिजन चौपाल का निर्माण + 4 कार्य। | 19.01.2024 29.01.2024 | 44.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग रोहतक | कटेसरा माइनर के आरडी 0 से 30800 टेल तक का नवीकरण। | बंद होने की तिथि 31.01.2023 | 625.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/80/24374/I/88/6 दि. 22.01.24

रोहतक, मंगलवार 23 जनवरी 2024 ■ पौष मास शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी ■ वर्ष : 27, अंक : 362 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 14.5 न्यून. 4.9 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## सियावर रामचंद्र की जय

## जय श्रीराम

### अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

### पीएम मोदी बोले-यह अलौकिक क्षण, हमारे राम आ गए हैं

### अब हमारे रामलला टेंट में नहीं दिव्य मंदिर में रहेंगे

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम ने कुबेर टीला पर पूजा की और जटायू की मूर्ति पर फूल बरसाए

# भए प्रगट कृपाला

84 सेकंड के मुहुर्त में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

बाल रूप में विराजमान हुए रामलला

मोदी बोले-रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एक नए कालक्रम का उदगम, यह अवसर केवल जीत का नहीं, बल्कि नम्रता का

# राम की पैड़ी से हर की पैड़ी तक मन रही दिवाली, पूरा देश जला रहा दीप



### आज से राम मंदिर में पूजा का यह विधान रहेगा

- सुबह 3 बजे से पूजन श्रृंगार की तैयारी होगी
- रामलला को 4 बजे जगाया जाएगा
- पांच बार आरती होगी
- हर घंटे फल और दूध का भोग लगेगा
- हर रोज सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर खुलेगा
- मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए 14-15 घंटे तक दर्शन होंगे
- सोमवार को श्वेत विशेष मौकों पर पितांबर वस्त्र पहनेंगे रामलला
- दोपहर में एक से तीन बजे तक दर्शन बंद रहेंगे
- इस दौरान गर्भगृह की सफाई की जाएगी

### पीएम मोदी ने किया दंडवत प्रणाम, हर घर आंगन, दुकान-मकान में जली राम ज्योति



राम मंदिर समृद्ध और विकसित भारत के उदय का गवाह बनेगा

हमने इस पवित्र समय में से अगले 1000 साल की नींव रखनी है

**अयोध्या में 10 लाख दिये जले 100 से अधिक मंदिर जगमग**

भाषा ▶▶ अयोध्या (उप्र)

पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुई। देश-विदेश में लाखों रामभक्त इस पावन पल के साक्षी बने। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान हेलीकॉप्टर ने नवनिर्मित रामजन्मभूमि मंदिर पर पुष्प वर्षा की गई। पूजा में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, पीएम मोदी समेत 6 यजमान शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम ने निर्मोही अखाड़ा के स्वामी गोविंदगिरि के हाथ से जल पीकर 11 दिन उपवास खोला। मोदी ने सोमवार को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया और लोगों से मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर अगले 1,000 वर्षों के मजबूत, भव्य और दिव्य भारत की नींव बनाने का आह्वान किया। मोदी कहा कि यह अवसर केवल जीत का नहीं, बल्कि विनम्रता का है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर समृद्ध और विकसित भारत के उदय का गवाह बनेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम की पैड़ी से हर की पैड़ी तक और देश में दिवाली मनाई गई।

### राम आग नहीं, ऊर्जा हैं

'सियावर रामचंद्र की जय' और 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कहा, 'हमारे राम आ गए हैं।' राम आग नहीं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंत काल हैं। ये मंदिर महज देव मंदिर नहीं, भारत की दृष्टि-दर्शन का मंदिर है। राम भारत का विचार-विधान है। राम भारत का चिंतन, चेतना, प्रवाह, प्रभाव, नेति, निरंतरता है। राम विश्व हैं, विश्वात्मा हैं। जय सियाराम!



### ऐसे दिखे पीएम मोदी

सुनहरी रंग का कुर्ता, क्रीम रंग की धोती और उत्तरीय पहने प्रधानमंत्री मोदी नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया। पीएम अपने हाथ में लाल रंग के कपड़े में लिपटा हुआ चांदी का एक छत्र भी लेकर आए थे। मोदी ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में 'प्राण प्रतिष्ठा' से संबंधित अनुष्ठान किए।

### अभिजीत मुहूर्त

पीएम मोदी ने 84 सेकंड के 'अभिजीत मुहूर्त' के दौरान हुई 'प्राण प्रतिष्ठा' के साथ मंदिर में कई अनुष्ठान किए। अनुष्ठान खत्म होने के बाद मोदी ने भगवान राम के बाल स्वरूप वाली मूर्ति को साष्टांग प्रणाम किया।

### छत्र ले पहुंचे पीएम

**12.04** बजे पीएम मोदी चांदी का छत्र लेकर मंदिर में पहुंचे।

**12.04** बजे गर्भगृह में दाखिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**12.29** बजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू।

**12.31** बजे प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गया।

**01.24** बजे पीएम राम मंदिर से बाहर निकले।

*दिल्ली पहुंचकर अपने सरकारी आवास पर राम ज्योति जलाई।*

### गर्भगृह में तीन मूर्तियां स्थापित

**पहली-** मुख्य मूर्ति है, जिसकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई है।
**दूसरी-** चांदी की मूर्ति है। जिसकी परिक्रमा करवाई गई थी।
**तीसरी-** मूर्ति वह है, जो अस्थाई मंदिर में रखी गई थी।

***500 वर्षों से अधिक का इंतजार खत्म***

### 50 पारंपरिक वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान बजाई गई मधुर 'मंगल ध्वनि' में देशभर के 50 पारंपरिक वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल किया गया। अयोध्या के प्रसिद्ध कवि यतींद्र मिश्र द्वारा संचालित इस भव्य संगीतमय प्रस्तुति को नई दिल्ली की संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से बांसुरी और ढोलक, कर्नाटक से वीणा, महाराष्ट्र से सुंदरी, पंजाब से अलगोजा, ओडिशा से मर्दला, मध्य प्रदेश से संतूर, मणिपुर से पुंग, असम से नगाड़ा और काली, छत्तीसगढ़ से तंबूरा, बिहार से पखावज, दिल्ली से शहनाई और राजस्थान से रावणहत्था बजाने वाले कलाकर शामिल हुए।

*प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' जलाकर रामनगरी समेत देशभर में दीपावली मनाई गई। शाम को अयोध्या 10 लाख दीयों से प्रकाशमय हो गई। इसके साथ ही रामभक्तों ने घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों और पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित की। लोगों ने मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर अपनी खुशी प्रकट की।*

## अलौकिक दर्शन

- राम मंदिर में विराजमान नई प्रतिमा भगवान राम की 5 वर्ष की आयु दर्शाती है।
- इसे मैसूरु के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने काले पत्थर से बनाया है।
- मूर्ति को पीले रंग की धोती और रत्न जड़ित आभूषण पहनाए गए हैं।
- गले में पीले, लाल और बैंगनी रंग के फूलों की माला भगवान की बाल छवि को सुशोभित कर रही थी।
- सोने के आभूषणों से श्रृंगार देख लोग भाव-विभोर हुए।
- 200 किलो की प्रतिमा पर 5 किलो सोने के जेवर
- नख से ललाट तक भगवान जवाहरतों से सजे हैं।
- सिर पर सोने का मुकुट, मुकुट में लाल और हरे रंग के रत्न जड़े हैं।
- किनारे मोतियों की झालर लटकी हुई है। माथे के बीचों-बीच सफेद धातु से बना तिलक है।
- कमर में करधनी, कान में सोने के कुंडल पहने हैं।
- गले में हरा-सफेद और लाल रंग के मोतियों की दिव्य-भव्य माला है। इसका पैंडल रामलला की नाभि तक लटक रहा है।
- भगवान के दोनों हाथ और दोनों पैर में सोने का कड़ा है। दाएं हाथ में सोने का बाण और बाएं हाथ में धनुष धारण किए हुए हैं।
- दाहिने हाथ के अंगूठे में एक अंगुठी है। इसमें माला लटकी हुई है।
- भगवान बड़ी माला पहने हुए हैं। गले से पैर तक बड़ा हार लटक रहा है।
- इसका वजन करीब दो किलो बताया जा रहा है।
- रामलला को पितांबर ओढ़ई गई है। धोती का रंग भी पीला है।
- चरणों में वज्र, ध्वजा और अंकुश के चिन्ह शोभित हैं।

### ऐसा भव्य मंदिर

पारंपरिक नागर शैली में बना मंदिर परिसर 380 फुट लंबा (पूर्व-पश्चिम दिशा), 250 फुट चौड़ा और 161 फुट ऊंचा है। मंदिर की प्रत्येक मंजिल 20 फुट ऊंची और उसमें कुल 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। मंदिर के स्तंभ और दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाई गई हैं।

विशेष पेज पढ़ें-7

# मतभेद त्याग कर एकजुट रहें, क्योंकि राम राज्य आ रहा है

अयोध्या (उप्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सोमवार को भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कहा कि राम राज्य आ रहा है और देश में सभी को मतभेद त्याग कर एकजुट रहना चाहिए। सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और इसे लाखों लोगों ने अपने घरों और देशभर के मंदिरों में टेलीविजन पर देखा। अयोध्या में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अकेले ही तप किया है और अब हम सभी को यह करना है।' अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ साथ भारत का आत्म गौरव भी लौटा है।



भागवत बोले, मोदी ने अकेले तप किया, अब हम सभी को भी करना है

■

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ भारत का गौरव लौटा

### आज का कार्यक्रम नए भारत का प्रतीक

भागवत ने कहा 'आज का कार्यक्रम नए भारत का प्रतीक है जो खड़ा होगा और पूरी दुनिया की मदद करेगा।' राम लला 500 साल बाद कई लोगों की तपस्या की वजह से वापस लौटे हैं और 'मैं उन लोगों के कठोर परिश्रम और त्याग को शत शत नमन करता हूं।' 'लेकिन राम क्यों गए? वह इसलिए गए क्योंकि अयोध्या में कलह थी। राम राज्य आ रहा है और हमें सभी मतभेद त्याग कर, कलह खत्म कर छोटे छोटे मुद्दों पर लड़ना झगड़ना बंद करना होगा। हमें अपना अहंकार त्यागना होगा और एकजुट रहना होगा।'

### राम सर्वव्यापी हैं

यह सर्वविदित है कि राम सर्वव्यापी हैं तथा हमें अपने बीच ही समन्वय करना होगा। उन्होंने कहा कि धर्म का पहला सत्य आचरण ही एकजुट रहना है। भागवत ने कहा कि करुणा दूसरा आचरण है। उन्होंने लोगों से कहा कि जो कुछ भी अर्जित किया जाता है उसका न्यूनतम हिस्सा अपने लिए रख कर शेष को परमार्थ के लिए देना चाहिए। यही करुणा का मतलब है। आपको अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखना होगा।



## खबर संक्षेप

### दुकान से प्रतिबंधित गोलियों का जखीरा बरामद किया

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गांव कामी माजरा स्थित फार्मेसी से प्रतिबंधित दवाई की एक लाख 35 हजार टेबलेट बरामद की हैं। टीम में तैनात एएसआई मोहन ने बताया कि वह देर शाम गश्त पर थे। सूचना पर टीम के साथ फार्मेसी पर पहुंचकर जांच की तो वहां से प्रतिबंधित दवाई की एक लाख 35 हजार टेबलेट बरामद हुई। पुलिस ने सभी टेबलेट को कब्जे में ले लिया और आरोपी फार्मेसी संचालक दिनेश को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिसकर्मी ने नहर में कूदी महिला को बचाया

**फरीदाबाद।** ईएसआई रंजीत घोष अपनी टीम के साथ सेक्टर-28 पर ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान वाहनों के चालान कर रहे थे। तभी पता चला कि एक औरत गुरुग्राम कैनाल में कूद गई है। रंजीत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। देखा कि एक औरत नहर में जान बचाने के लिए हाथ पैर मार रही है। पुलिस ने एक चुन्नी के माध्यम से महिला को सकुशल कैनाल से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की। महिला ने बताया कि उसके ससुराल में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिस कारण कैनाल के पास आ गई थी। लेकिन पैर फिसल गया और वह कैनाल में गिर गई।

### कच्ची शराब बनाने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने कच्ची शराब बनाने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मंजीत सिंह इस्माईलपुर पल्ला का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-37 बाईपास रोड़ से थाना पल्ला के अवैध शराब बनाने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी यमुना पुस्ता रोड पर कच्ची शराब निकालते हुए पुलिस को देखकर फरार हो गया था।

खेतों की खाक छान रही रेस्क्यू टीमें

# ट्रेंकुलाइजेशन के बाद गच्चा दे गया टाइगर, राजस्थान के बूढ़ी बावल पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

चार दिनों से रेस्क्यू टीमों के हत्थे नहीं चढ़ पा रहा एसटी-2303 बाघ रविवार की शाम ट्रेंकुलाइज होने के बाद कुछ देर जमीन पर लेटा रहा। इसके बाद रेस्क्यू टीमों को गच्चा देकर फरार हो गया। सोमवार सुबह वन विभाग की टीमों ने एक बार फिर से सर्च ऑपरेशन किया। ततारपुर और अलावलपुर के ग्रामीणों को बाघ की दहाड़ भी सुनाई दी, लेकिन टीमों को बाघ के पदचिन्ह कहीं दिखाई नहीं दिए। सरिस्का से आई टीम के अनुसार बाघ ट्रेंकुलाइज हो गया था। उसके बेहोश होने की संभावना ज्यादा है। एंटी डोज दिए बिना उसके जल्द होश में आने की संभावना नहीं होती। सोमवार देर सायं टाइगर की लोकेशन राजस्थान के बूढ़ी बावल की सर्च हुई। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघ अपने पुराने ठिकाने की ओर कूच कर रहा है।

#### बेहोशी की हालत में पड़े होने की संभावना

राजस्थान वन विभाग के दो कर्मचारियों पर बाघ ने हमला बोलकर घायल कर दिया था। इसके बाद रविवार शाम को सरसों के खेत को पुलिस और वन विभाग के वाहनों से चारों ओर से घेर लिया गया था। तेज आवाज में हूटर और गाड़ियों के हॉर्न लगातार बजाए गए। जेसीबी मशीन को सरसों के खेत में दौड़ाया गया, जिससे बाघ खेत से निकलकर बाहर आने को मजबू हो गया। वन विभाग के कर्मियों ने उसे ट्रेंकुलाइज करने के लिए गन से तीन ट्रेंकुलाइजर दागे थे। इसके बाद बाघ जमीन पर बैठ गया था। वन विभाग के कर्मचारी उसका पूरी तरह बेहोश होने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बाघ रेस्क्यू टीमों को गच्चा देकर भाग गया। देर रात तक बाघ को सर्च किया गया, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। थक हारकर सरिस्का की टीम में आए कर्मचारी विश्राम करने चले गए। इन कर्मचारियों ने सोमवार सुबह बाघ को एक बार फिर से सर्च करना शुरू किया।

#### दो गांवों के लोगों ने सुनी दहाड़



बाघ भटसाना के खेतों में ट्रेंकुलाइज किया गया था। सुबह वन विभाग के कर्मचारी एक बार फिर गांवों के आसपास खेतों में बाघ के पद निशान देखने का प्रयास किया। इस दौरान तातरपुर और अलावलपुर के ग्रामीणों ने शेर की दहाड़ सुनने की बात कर्मचारियों को बताई। कर्मचारियों ने पद निशान की खोज करना शुरू कर दिया। सोमवार दोपहर तक बाघ की कोई मूवमेंट दर्ज नहीं की गई। भटसाना में कर्मचारियों पर हमला करने के बाद बाघ जिस खेत में घुसा था, उसमें टीमों ने किसानों की सहमति से जेसीबी मशीन भी दौड़ाई। भटसाना के सरपंच भूपसिंह ने बताया कि इससे पांच एकड़ सरसों और एक एकड़ गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। किसान अपने खेतों में जाने से बच रहे हैं, जिससे उनकी फसल सिंचाई का कार्य बाधित हो रहा है।

#### ड्रोन कैमरों से तलाश

वन विभाग के रेंज ऑफिर नरेंद्र कुमार ने बताया कि बाघ ट्रेरेंकुलाइज हो गया था, जिस कारण संभावना यह है कि वह बेहोशी की हालत में होगा। उसे खुद होश आने में समय लग सकता है। वन विभाग की टीम होश में लाने के लिए एंटी डोज देती हैं, लेकिन यह बाघ पहले ही भाग गया था। माना जा रहा है कि अब वह बेहोशी की हालत में होगा। ड्रोन कैमरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। वन विभाग के आरओ सदीप यादव ने बताया कि सोमवार को बाघ के कोई पद निशान नहीं मिले हैं। रेस्क्यू टीमें लगातार बाघ को सर्च करने में लगी हुई हैं। अभी तक कोई मूवमेंट दर्ज नहीं की गई है।

महम थाना क्षेत्र में राजा वाली गोहर पर रात के समय वारदात

# पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ अवैध हथियारों के साथ तीन काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से जींद जिले के कुछ बदमाश कई अवैध हथियारों के साथ एक गाड़ी में रात को साढ़े 11 बजे के आस पास महम थाना क्षेत्र में घूम रहे थे। जब वे राजा वाली गोहर पर पहुंचे तो अपने आपको फंसा हुआ देखकर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देते, उससे पहले ही पुलिस ने उनके मंसूबों को नाकाम कर दिया। पुलिस के जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए इन तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

रोहतक सीआईए 2 की टीम पर हुआ है। एएसआई दिनेश, एएसआई संत कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र व जसबीर, सीटी जितेंद्र व सीटी पवन सरकारी टोवेरा गाड़ी में बैंसी बस स्टैंड पर मौजूद थे। इनको मुखबिर ने सूचना दी कि जींद जिले के करसौला गांव का पवन उर्फ बादशाह व उसके ही गांव का प्रदीप और उनका एक साथी महम नंबर की निशान गाड़ी में महम क्षेत्र में घूम रहे हैं। उनके पास काफी मात्रा में अवैध हथियार हैं। वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। वे राजा वाली गोहर से होते हुए भराण गांव की ओर जाएंगे। यदि राजा वाली गोहर पर भराण अजायब व महम की ओर जाने वाली चौक पर नाकाबंदी की जाए तो वे काबू आ सकते हैं। महम चौक पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। बैंसी की ओर से एक गाड़ी आती हुई दिखाई दी। गाड़ी निशान मेगनेट को रोकने का ईशारा किया गया।

गाड़ी रोकने की बजाए गाड़ी में सवार लोगों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी उन पर फायर किए। वारदात की सूचना पुलिस की सेवा 112 पर दी गई। फायर करने के बाद बदमाश गाड़ी को बसाना गांव की ओर भगा ले गए। पुलिस भी बदमाशों का पीछा कर रही थी। बसाना गांव में पहुंचे तो बदमाशों की गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। वहां पर गली के साथ बने नाले में बाईं तरफ के दोनों टायर फंस गए। जिस वजह से गाड़ी रुक गई। जिस कारण गाड़ी में बैठे युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



महम। पुलिस की गिरफ्त में तीनों बदमाश। फोटो : हरिभूमि

#### खास बातें

- बदमाशों ने खुद को फंसा देख पुलिसकर्मियों पर की फायरिंग
- गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाने पर फंसे

#### तीनों बदमाश जींद के रहने वाले

गाड़ी चला रहे युवक ने बताया कि वह जुलाना निवासी आशीष उर्फ आशु पुत्र चरण सिंह है। उसकी तलाशी लेने पर जींस की जेब से एक देसी कट्टा मिला। जिसको खोलकर चैक किया गया तो उसमें गोली भी थी। गाड़ी में पीछे बैठे शख्स ने बताया कि वह जींद जिले के करसौला गांव निवासी पवन उर्फ बादशाह पुत्र रमेश है। उसके दोनों हाथों में एक-एक पिस्तौल मिली। इन पिस्तौलों में भी जिंदा रौंद पाए गए। गिरफ्तार तीसरे युवक ने बताया कि वह जींद जिले के करसौला गांव का प्रदीप पुत्र समेर है। उसके पास भी एक एक देसी पिस्तौल मिले। ये पिस्तौल भी लोडिड पाए गए। काबू किए गए बदमाश आशीष, पवन और प्रदीप से इन हथियारों के लाइसेंस व परमिट मांगें गए तो वे कोई लाइसेंस अथवा परमिट नहीं दिखा सके।

#### रात 11:50 पर हुई वारदात

वारदात रात को 11 बजकर 50 मिनट की है। सूचना मिलते ही बसाना गांव का चौकीदार और रोहतक से एफएसएल टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी अवैध हथियार व उनकी गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। महम थाने में तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश करेगी और वहां पर पुलिस रिमांड की मांग करेगी। रिमांड के दौरान पता चल सकेगा कि ये तीनों बदमाश इतनी बड़ी मात्रा में अवैध हथियार लेकर किस वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे।

# कल से फिर प्री-बोर्ड परीक्षाएं ली जाएंगी

- ऑफलाइन ली जाएंगी प्री-बोर्ड परीक्षाएं, शिक्षा विभाग ने जारी किया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा विभाग इस बार राजकीय विद्यालयों का रिजल्ट हर हाल में अच्छा चाहता है। इसीलिये बोर्ड परीक्षा से पहले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की प्री-बोर्ड परीक्षाओं पर जोर दिया जा रहा है। विभाग ने पहली प्री-बोर्ड परीक्षा के बाद दो माह में ही दूसरी बार प्री-बोर्ड परीक्षाएं लेने के लिये शेड्यूल जारी कर दिया है। राजकीय विद्यालयों में परीक्षाएं 24 जनवरी से शुरू होकर तीन फरवरी को खत्म होंगी।

इन परीक्षाओं में विद्यार्थी को प्राप्त अंकों के आधार पर उनकी शैक्षणिक स्थिति का आकलन किया जाएगा। विद्यार्थी जिन विषयों में कमजोर होगा, उसी के अनुरूप वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी। शिक्षा विभाग का प्रयास है कि बोर्ड परीक्षा के परिणाम को बेहतर किया जा सके। स्कूलों में पहली प्री-बोर्ड परीक्षाएं दिसंबर माह में आयोजित की गई थी। परिणाम में विद्यार्थियों की जहां कमी रही, उनकी बेहतर तरीके से तैयारी करवाई गई। जिसके बाद अब दूसरी बार प्री बोर्ड परीक्षाएं ली जा रही है।

#### वार्षिक परीक्षा का पैटर्न

द्वितीय प्री बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों को वार्षिक परीक्षा में आने वाले प्रश्न पत्र के पैटर्न के आधार पर तैयार कराया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों के मन से बोर्ड परीक्षाओं का डर खत्म किया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंडशिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों व मुख्याध्यापकों को द्वितीय प्री बोर्ड परीक्षाओं का शेड्यूल व जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं।

#### ये भी दिए निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने निर्देश दिए हैं कि प्रश्न पत्र सभी स्कूलों को ईमेल के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। जिनकी गोपनीयता का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना स्कूल प्रमुख की जिम्मेदारी होगी। प्रश्नपत्रों को फोटो कॉपी करवाना उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था करना स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए प्रति पेपर प्रति विद्यार्थी पांच रुपये की दर से बजट उपलब्ध करवाया जाएगा। प्री बोर्ड परीक्षा के दौरान स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए टीमें गठित जाएगी।

# प्रेमी जोड़े ने निगला जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

मोहाना थाना क्षेत्र के गांव बादशाहपुर माच्छरी की सीमा में महिला व उसके प्रेमी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक महिला व पुरुष ने गांव बादशाहपुर माच्छरी के पास जहरीला पदार्थ निगल लिया है। पुलिस टीम निजी अस्पताल में पहुंची। वहां भर्ती युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। पमृतक युवक की पहचान गांव जाजी निवासी अमित (32) के रूप में हुई है। जो पावर ग्रीड पर नौकरी करता था। वहीं महिला को प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर अस्पताल में रेफर कर दिया। चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान सोनिया (32) निवासी ब्रह्म कॉलोनी के रूप में हुई। अस्पताल में शव लेने पहुंचे अमित के परिजनों व उसकी बलि ब्राह्मण निवासी पत्नी के मायके वाले आपस में भीड़ गए। परिजनों ने बताया कि अमित अपनी पत्नी के साथ झगड़ा करता रहता था। गांव जाली निवासी अमित के पास दो बच्चे है। वहीं उसकी प्रेमिका सोनिया के पास भी दो बच्चे हैं।

### रिसोर्ट में अर्द्धनग्न मिले विदेशी युवती व दिल्ली के युवक के शव

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के कामी सड़क मार्ग स्थित मेरा गांव मेरा देश रिसोर्ट में कमरे के अंदर दिल्ली के युवक व विदेशी युवती के शव पुलिस ने बरामद किए है। रिसोर्ट के कमरा नंबर-14 में दोनों के शवों को अर्द्धनग्न अवस्था में बरामद किया गया है। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं युवती के परिजनों को बुलाने के लिए एम्बेसी में पत्राचार किया गया है। युवती की चचेरी बहन दिल्ली में रह रही है। उसके आने के बाद पोस्टमार्टम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि विसरा जांच के लिए लैब में भेजा जायेगा। विसरा रिपोर्ट में दोनों की मौत के सही कारणों का पता चल पायेगा। पुलिस ने कमरे से शराब व अंगीठी को बरामद किया है।

गांवों में विकास कार्यों पर खर्च नहीं की ग्रांट

# प्रदेश की 44 पंचायतें हो सकती हैं भंग

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

प्रदेश सरकार ने गांवों के काम करवाने के लिए पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में पैसा दिया, लेकिन इसका उपयोग चौधरियों ने अब तक नहीं किया। जिससे सरकार की भौहें तन गई हैं। ऐसी पंचायतों को सरकार भंग भी कर सकती है। इस बारे में प्रदेश के सभी डीसी को गत 18 जनवरी को बकायदा पत्र भेज दिया गया है। शायद ये पहली बार होगा कि एक साथ 44 पंचायतों भंग की जाएंगी। बताया जा रहा है कि जो राशि खर्च नहीं की गई है, राज्य वित्त आयोग के तहत जारी की गई थी। फाइनेंस कमीशन का पैसा तय समय में खर्च किया जाता है। बावजूद इसके पंचायतों ने लापरवाही कर दी। सूत्र बताते हैं कि पंचायतें अभी तक पैसा इसलिए खर्च नहीं कर पाई कि सरकार आए दिन नई-नई हिदायतें जारी करती रहती है। चौधरी इस बात को लेकर आशंकित रहे कि कहीं धन राशि का उपयोग गलत तरीके से न हो जाए।

#### सरकारी बाधाओं के बावजूद करवाए कार्य



ई टेंडरिंग, आए दिन पंचायत के खाते एक बैंक से दूसरे बैंक में खुलवाने के आदेशों की पालना, बीडीपीओ सांपला का पद कई महीने तक खाली रहने समेत कई प्रकार की दिक्कतें हमारे सामने आई। इसके बावजूद हमने जैसे-तैसे करके काम करवाए हैं। लेकिन उनकी अभी तक पेमेंट नहीं की जा सकी है। इसलिए हमारे खाते में सरकार बिना खर्च की राशि दिखा रही है। -**सरोज**, सरपंच, ग्राम पंचायत खरावड़।

#### सालभर चला आंदोलन

ई टेंडरिंग के विरोध में पंचायती राज संस्थाओं ने साल भर आंदोलन चलाया था। उसकी वजह से भी ग्रामीण क्षेत्रों में काम नहीं हो पाए। कामों की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ने के अंदेशे से भी चौधरियों ने पैसा खर्च नहीं किया।

#### चुनाव के चलते सक्रिय

अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मार्च में चुनाव आचार संहिता लग जाएगी। लोकसभा चुनाव के होने के अगले चार-पांच महीने में हरियाणा विधानसभा का इलेक्शन भी होना है। उससे पहले ही सरकार कामों में तेजी लाना चाहती है। इनको लेकर जो भी प्रशासनिक अड़चने हैं, वे कोड ऑफ कंडक्ट लगने से पहले ही सरकार दूर करने की सोच रखती है। सरकार ने 44 पंचायतों को दो टूक कहा है कि जो पैसा उनके खातों में एक डेढ़ साल से जमा है, उसे तुरंत खर्च किया जाए। अगली किश्त तभी जारी की जा सकती है, जब उससे पहले वाली के उपयोगिता प्रमाण पत्र पंचायती राज संस्थाओं ने सरकार को भेज दिए हों।

### ड्राइवरों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक टीआई इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने हरियाणा राज्य परिवहन ड्राईविंग स्कूल बल्लभगढ के प्रशिक्षणरत चालकों को सडक सुरक्षा व यातायात नियमों सम्बन्ध में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में ट्रैनिंग इंचार्ज विजेन्द्र सिह क्लर्क, देवेन्द्र सिह व करीब 50 ड्राईवरों ने भाग लिया। ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद द्वारा मनाए जा रहे 35वें सडक सुरक्षा माह का आज आठवां दिन है।

**प्रपत्र सं. 3**
[नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/440/2023
ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।
ईएक्सएच. नं. : 20337
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
नीरज कुमार

सेवा में,
(1) नीरज कुमार
डी/बी/एस/ओ-विनय कुमार
नीरज कुमार सुपुत्र श्री विनय कुमार निवासी म.न. 312, दादरी चरखी, दादरी एचएसजी-II, भिवानी -127306, हरियाणा
पैन नं. BWXPK92321L भिवानी, हरियाणा
(2) श्री जयभगवान
पुत्र श्री गुगनराम निवासी कांचरोली, 147 खांचरोली, झज्जर और हरियाणा-124106

**सम्मन**

चूंकि, **ओए**/440/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 11.09.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 42,92,879.46/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)। अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :

(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताए कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;

(ii) मूल आवेदन के क्र. सं. 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;

(iii) मूल आवेदन के क्र. सं. 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;

(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किसी परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं करेंगे।

(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों की व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और **19.02.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 13.09.2023 को जारी किया गया।**

**सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**

**प्रपत्र सं. 3**
[नियमन-15(1)(ए) देखें]/16(3)
**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ (तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी)
केस नं. : ओए/2027/2022
[ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तहत सम्मन।]
ईएक्सएच. नं. : 20952
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
सुरेन्द्र सिंह

सेवा में,
(डीईएफ-2) अमर सिंह
पुत्र करतार सिंह, गांव जलखेड़ी, तहसील थानेसर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा

**सम्मन**

चूंकि, **ओए**/2027/2022 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 13.10.2023 को सूचीबद्ध किया गया था।

चूंकि यह माननीय ट्रिब्यूनल आपके विरूद्ध दायर उक्त आवेदन पर अधिनियम की धारा 19 (4) (ओए) के तहत रु. 30,29,013.50/- की ऋण वसूली हेतु सम्मन / सूचना जारी करने के लिये संतुष्ट है (दस्तावेजों की प्रतियों इत्यादि सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अनुसरण में आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :

(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के अंदर कारण बताएं कि आवेदित छूट क्यों न प्रदान कर दी जाए;

(ii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों और परिसम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों का विवरण घोषित करें;

(iii) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत घोषित प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के निपटान अथवा घोषित ऐसी अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों के साथ, लम्बित सुनवाई और सम्पत्तियों को संलग्न करने हेतु आवेदन के निपटान तक किसी भी प्रकार की डीलिंग से आपको निषेध किया जाता है;

(iv) मूल आवेदन के क्रम संख्या 3ए के तहत अपने व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में जहां किन्हीं परिसम्पत्तियों में उसका प्रत्याभूत हित है को छोड़कर और/अथवा विनिर्दिष्ट अथवा घोषित अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को ट्रिब्यूनल की पूर्व अनुमति के बिना आप बिक्री, लीज अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं करेंगे;

(v) आप प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों और सम्पत्तियों को व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के तहत बिक्री से प्राप्त बिक्री राशि हेतु खाते के प्रति देनदार होंगे और ऐसी बिक्री राशि बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों, जिनके पास ऐसी परिसम्पत्तियों पर प्रत्याभूत हित है, द्वारा रखे गये खाते में जमा करवानी होगी।

आपको आवेदक के पास भेजी गई इसकी एक प्रति सहित लिखित बयान दायर करने का और **21.02.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश भी दिया जाता है जिसमें विफल रहने पर आवेदन पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 26.10.2023 को जारी किया गया।**

**सम्मन जारी करने के लिये प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन फतेहाबाद | फतेहाबाद डिस्टी. (यूजीबीएल) के आउटलेट आरडी 24170/आर पर वाटर कोर्स लाइनिंग की रिमॉडलिंग/ पुनरोद्धार + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.02.2024 | 5.97 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9215041185 xenfatehabadcad1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24372/1/88/6 दि. 22.01.24

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
क्र./2125/न.पा./लो.नि./2024 रतनपुर दिनांक 19.01.2024
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर. नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | Bid Due Date | Physical Documen Sub. |
|---|---|---|---|---|
| 151911 | खण्डोबा मंदिर होते हुये महामाया चौक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 199.55 | 12/02/24 | 13/02/24 |
| 151923 | वार्ड क्र. 06 बुढ़महादेव मंदिर होते हुये रामटेकरी मंदिर स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | | 12/02/24 | 13/02/24 |
| | वार्ड क्र. 15 मेनरोड होते हुये मुशेशाह दरगाह तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 30.17 | | |
| | वार्ड क्र. 03 से मेनरोड से होते हुये बैरागबन मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | | | |
| | वार्ड क्र. मेनरोड से होते हुये महामाया मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 66.69 | | |
| | वार्ड क्र. 03 चपेरा से मेनरोड से महामाया मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | | | |
| | वार्ड क्र. 07 मेनरोड होते हुये गिरजाबंद मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 57.66 | | |
| | कुल योग | Rs.154.52 | | |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
Green City, Clean City, Dream City.
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् रतनपुर

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद खलील पुत्र रकमुद्दीन,** निवासी नवलगढ़, बिछोर मेवात, हरियाणा ने **FIR No. 182/21 U/s 420 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **फर्श बाजार,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद खलील** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद खलील** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 182/21 U/s 420 IPC.,** थानाः **फर्श बाजार,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खलील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

अखिल मलिक, MM-02,
कमरा नंबर 38, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/359/SHD/2024

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**रेल दावा अधिकरण**
**केन्द्रीय सदन, सैक्टर 9 ए, चण्डीगढ़-160009**
Email ID: **railwaytribunal@yahoo.com**
**नोटिस सं: रेदाअधि/चण्डी/आउटसोर्सिंग/23** **दिनांक: 19.01.2024**

**नोटिस**

रेल दावा अधिकरण, चण्डीगढ़ में स्टेनोग्राफर के पद को अस्थाई रूप से एक नियत अवधि के लिए रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार संविदा पर भरने हेतु नीचे दर्शाई गई तारीख, समय एवं स्थान पर **वॉक इन इन्टरव्यू** आयोजित किया जाएगा।

| स्थान | पद का नाम | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक | रिपोटिंग का समय |
|---|---|---|---|
| रेल दावा अधिकरण, केन्द्रीय सदन, चौथी व छठी मंजिल, सैक्टर 9 ए, चण्डीगढ़-160009 | स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) = 01 संख्या** | 07.02.2024 | 10.30 बजे |

**तीन योग्य स्टेनोग्राफर का अतिरिक्त पैनल तैयार किया जाएगा जिनका उपयोग भविष्य में खाली होने वाले पदों के लिए किया जा सकता है, अगर कोई पद खाली होगा तो, जिसकी समय सीमा एक वर्ष होगी व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति चाहिये होगी।

इच्छुक आवेदनकर्ता इस साक्षात्कार से संबंधित शर्तों व निबंधनों की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **(www.rct.indianrail.gov.in)** एवं **(www.nr.indianrailways.gov.in)** पर देखें।

**अपर रजिस्टार**
254/2024 **रेल दावा अधिकरण, चण्डीगढ़**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

पराक्रम दिवस 23 जनवरी

## भारतीय इतिहास के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के शौर्य और साहस को समर्पित

# पराक्रम दिवस

23 जनवरी



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जन्म जयंती के अवसर पर

## 9 दिवसीय पराक्रम उत्सव का उद्घाटन

**श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

द्वारा

23 जनवरी 2024, शाम 4 बजे | लाल किला, दिल्ली

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर किया जाएगा



"सुभाष चंद्र बोस ऐसे महान व्यक्ति थे, जो पद और संसाधनों की चुनौती से परे थे। उनकी स्वीकार्यता ऐसी थी कि पूरी दुनिया उन्हें नेता मानती थी। हमारा यह प्रयास है कि नेताजी की ऊर्जा आज देश का पथ-प्रदर्शन करे।"

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

## 23 जनवरी से 31 जनवरी तक पराक्रम उत्सव के मुख्य आकर्षण

**सुबह 10- शाम 6 बजे तक**

- **पुस्तक, चित्र एवं पुरालेख प्रदर्शनी**
  नेताजी पर लिखी गई पुस्तकों, दुर्लभ तस्वीरों एवं दस्तावेजों की प्रदर्शनी
- **चित्रकला एवं मूर्तिकला वर्कशॉप**
  लाइव पेंटिंग, मिट्टी, लकड़ी और पत्थर के मूर्तिकारों द्वारा लाइव मूर्तिकला वर्कशॉप
- **एआर, वीआर प्रदर्शनी**
  टेक्नोलॉजी के माध्यम से नेताजी के संपूर्ण जीवन यात्रा का रोमांचक अनुभव
- **प्रोजेक्शन मैपिंग शो के साथ लाइव परफॉर्मेंस**
  (शाम 6- 6:30 बजे)
  अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो के साथ एनएसडी के कलाकारों द्वारा नेताजी के जीवन से जुड़ी कहानियों पर लाइव परफॉर्मेंस
- **आईएनए के वरिष्ठ सेनानी का अभिनंदन**
- **भारत पर्व 2024 का डिजिटल लॉन्च**

## आप सभी आमंत्रित हैं

## नि:शुल्क प्रवेश

CBC 09102/13/0004/2324

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जुटे कॉरपोरेट क्षेत्र के तमाम दिग्गज

## मुकेश अंबानी, लक्ष्मी मित्तल, सुनील मित्तल, कुमार मंगलम हुए शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के सोमवार को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कॉरपोरेट जगत ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस समारोह में मुकेश अंबानी समेत तमाम कॉरपोरेट दिग्गज शामिल हुए और कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को इस विशेष अवसर पर छुट्टी भी दी।

उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार के साथ इस्पात दिग्गज लक्ष्मी एन मित्तल, भारती एयरटेल के प्रमुख सुनील भारती मित्तल, रिलायंस ग्रुप के प्रमुख अनिल अंबानी और आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला एवं उनकी बेटी अनन्या बिड़ला भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए।

### रिलायंस के परिसरों पर विशेष पूजा का आयोजन

अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस अवसर पर अपने सभी कर्मचारियों को छुट्टी दे दी। इसके अलावा कंपनी ने अपने परिसरों में स्थित एक दर्जन से अधिक मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया और अपने जियोटीवी मंच पर मंदिर के 360-डिग्री वर्चुअल दौरे की पेशकश भी की।



### ज्ञान व शांति का प्रवेश द्वार बने : गौतम अदाणी

समारोह के लिए निमंत्रित अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अयोध्या मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही इसे ज्ञान और शांति का प्रवेश द्वार बनने दें, जो भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सद्भाव के शाश्वत सूत्र से समुदायों को एकजुट करे।'

### यहां आकर सौभाग्यशाली हूं: वेम्बू

प्रौद्योगिकी समाधान मंच जोहो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीहर वेम्बू ने भी परिवार के साथ अयोध्या मंदिर की यात्रा की तस्वीरें पोस्ट कीं। वेम्बू ने कहा, अयोध्या में मेरी अम्मा जानकी और मेरे भाई कुमार और उनकी पत्नी अनु के साथ। अम्मा आजीवन भगवान श्री राम की भक्त रही हैं। यहां आकर बहुत सौभाग्यशाली हूं।

### शामिल होकर धन्य हूं: रुइया

इसके साथ ही अदाणी ने भारत की संस्कृति एवं साहित्य के बारे में शोध करने वाले 14 छात्रों को छात्रवृत्ति देने की भी घोषणा की। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया भी अयोध्या पहुंचे। रुइया ने एक्स पर कहा, 'अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ शामिल होकर धन्य हूं।'

## खबर संक्षेप

### छात्रों के लिए बहुउपयोगी पुस्तक उत्तर प्रदेश सामान्य अध्ययन

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सामान्य अध्ययन-1 पुस्तक में नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार विभिन्न विषयों को समाहित किया गया है। इस पुस्तक को भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बैच के अधिकारी डॉ.मनीष रंजन ने लिखी है। डॉ.मनीष रंजन बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के छात्र रहे हैं। उत्तर प्रदेश सामान्य अध्ययन, भाग-1 उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। पुस्तक को यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा के सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र (पेपर-V) के नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुरूप 21 अध्यायों में विभाजित किया गया है।

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम 21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## प्रति वर्ष कम से कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना

# देश का सबसे बड़ा पर्यटक केंद्र होगा अयोध्या, बढ़ेंगे रोजगार : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन से शहर में प्रति वर्ष कम-से-कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। यह संख्या स्वर्ण मंदिर और तिरूपति मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अपनी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि हवाई अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर खर्च करने से उत्तर प्रदेश का यह शहर एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो जाएगा।

■ स्वर्ण मंदिर व तिरूपति मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं से ज्यादा होगी



**भारत में धार्मिक पर्यटन सबसे बड़ा खंड:** विश्व स्तर पर, वेटिकन सिटी में हर साल लगभग 90 लाख पर्यटक आते हैं और सऊदी अरब के मक्का में लगभग दो करोड़ पर्यटक आते हैं। जेफरीज के अनुसार, धार्मिक पर्यटन अभी भी भारत में पर्यटन का सबसे बड़ा खंड है। कई लोकप्रिय धार्मिक केंद्र बुनियादी ढांचे की बाधाओं के बावजूद हर साल 1-3 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। आईटीसी अयोध्या में संभावना तलाश रहा इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी भी अयोध्या में संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में 1,000 कमरे जोड़ने की है।

### पर्यटन ने जीडीपी में दिया 194 अरब डॉलर का योगदान

बेहतर संपर्क और बुनियादी ढांचे के साथ एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र (अयोध्या) का निर्माण एक बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि पर्यटन ने वित्त वर्ष 2018-19 (कोविड-पूर्व) के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया और वित्त वर्ष 2032-33 तक इसके आठ प्रतिशत की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।

### 10 लाख यात्रियों को संभालेगा एयरपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक अयोध्या में नए हवाई अड्डे का चरण -1 चालू हो गया है और यह 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60,000 यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले लगभग 17 होटल हैं। इसके अलावा 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं।

### स्वर्ण मंदिर में प्रति वर्ष 3.5 करोड़ लोग आते हैं

रिपोर्ट के मुताबिक एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क के साथ नए होटलों और अन्य आर्थिक गतिविधियों के चलते यहां प्रति वर्ष पांच करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में प्रति वर्ष 3-3.5 करोड़ लोग आते हैं, जबकि तिरूपति मंदिर में 2.5-3 करोड़ लोग आते हैं।

# टाटा मोटर्स के साणंद कारखाने में अप्रैल से ईवी वाहनों का निर्माण

## कंपनी ने फोर्ड इंडिया से किया था अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टाटा मोटर्स इस साल अप्रैल से फोर्ड इंडिया से अधिग्रहण किये गये साणंद संयंत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने पिछले साल जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725.7 करोड़ रुपये में इस संयंत्र का अधिग्रहण किया था। टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक (यात्री वाहन) शैलेश चंद्रा ने कहा, 'हम अप्रैल से नेक्सन ईवी के साथ साणंद में इलेक्ट्रिक वाहन का विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रहे हैं।' कंपनी ने पहले ही तीन लाख इकाई प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाले विनिर्माण संयंत्र में नेक्सॉन के पेट्रोल, डीजल संस्करणों का उत्पादन शुरू कर दिया है। इसके साथ वार्षिक क्षमता बढ़कर 4.2 लाख इकाई हो जाएगी। चंद्रा ने कहा कि कंपनी इस कारखाने में आगामी मॉडल का उत्पादन भी करना चाहती है।

## जियो टू 5 जी नेटवर्क से जुड़े 9 करोड़ से अधिक ग्राहक

**नई दिल्ली।** रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने जब अक्तूबर 2022 में रिलायंस जियो के टू 5जी नेटवर्क के रोलआउट की घोषणा की थी तो किसी को भी गुमान नहीं था कि रिलायंस जियो का 5जी रोलआउट दुनिया का सबसे तेज 5जी रोलआउट साबित होगा। देश भर में उपलब्ध रिलायंस जियो के टू 5जी नेटवर्क से 9 करोड़ से अधिक ग्राहक जुड़े हुए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजों में यह बात सामने आई। कंपनी ने बताया कि जियो नेटवर्क पर कुल डेटा खपत 31.5 बढ़कर 38.1 अरब जीबी तक जा पहुंची है और साथ ही रिलायंस जियो के पूरे डेटा ट्रैफिक का करीब एक चौथाई ट्रैफिक अब जियो टू 5जी नेटवर्क पर शफ्टि हो गया है। इस हिसाब से 9 अरब जीबी से अधिक का डेटा ट्रैफिक लोड अब जियो का 5जी नेटवर्क संभाल रहा है। रिलायंस जियो पर बात करने का समय भी बढ़कर 1.37 ट्रिलियन मिनट हो गया है।

## टेक क्षेत्र बना नई पीढ़ी के छात्रों का पसंदीदा करियर: सर्वेक्षण

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारत में प्रौद्योगिकी उद्योग नई पीढ़ी के छात्रों का पसंदीदा क्षेत्र बनकर उभर रहा है और करीब 77 प्रतिशत युवा इस क्षेत्र के प्रति रुचि दिखा रहे हैं। सोमवार को एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। सॉफ्टवेयर कंपनियों के संगठन नैसकॉम ने इनडीड के साथ संयुक्त रूप से तैयार इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में तकनीकी कार्यबल में 'मिलेनियल्स' और 'जेन जेड' वाली पीढ़ी का योगदान लगभग 90 प्रतिशत है। यह उच्च पीढ़ीगत विविधता को सक्षम बनाता है और प्राथमिकताओं को भी बदलता है। 'जेन जेड' का संबोधन 1990 के दशक के अंतिम और 2000 के दशक के अंतिम वर्षों में जन्म लेने वाली पीढ़ी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वहीं 'मिलेनियल्स' की श्रेणी में 1980 के दशक के शुरुआती और 1990 के दशक के मध्य तक पैदा होने वाले युवा रखे जाते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, सीखना एवं वृद्धि के साथ संस्कृति एवं नैतिकता किसी भी संगठन का चयन करते समय मिलेनियल्स और जेन जेड दोनों के लिए शीर्ष मानदंड हैं। यह मौजूदा कामकाजी माहौल से निपटने और अपने वांछित करियर राह तैयार करने के लिए कौशल एवं क्षमता विकास पर नियोक्ताओं की सतत अहमियत को रेखांकित करता है। रिपोर्ट कहती है कि भारत में प्रौद्योगिकी उद्योग जेन जेड छात्रों के लिए पसंदीदा उद्योग बना हुआ है

■ 77 प्रतिशत युवा इस क्षेत्र के प्रति रुचि दिखा रहे करियर के बहतरीन अवसर मिल रहें

# कर संग्रह में उछाल से बजट में सामाजिक योजनाओं पर व्यय की गुंजाइश बरकरार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

आयकर और जीएसटी मासिक संग्रह बढ़ने से सरकार अंतरिम बजट में राजकोषीय सूझबूझ पर चलते हुए भी किसानों और सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित करने की स्थिति में रहेगी। सूत्रों ने यह अनुमान जताया है। सरकार आम चुनाव में जाने के पहले एक फरवरी को अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। ऐसे में इस बजट में समाज के गरीब वर्गों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आय और कॉरपोरेट कर संग्रह में उछाल दिख रहा है। इससे कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान से लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक रह सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था। इस मद में 10 जनवरी, 2024 तक कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। अभी वित्त वर्ष पूरा होने में लगभग ढाई महीने का वक्त बाकी है। वहीं जीएसटी के मोर्चे पर केंद्रीय जीएसटी राजस्व 8.1 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से लगभग 10,000 करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है।

सूचना

हम, नवीन पुत्र हरद्वारी व उमेश पत्नी नवीन निवासी गांव फाजिलपुर, जिला सोनीपत हल आबाद पोस्ट ऑफिस बहालगढ़ गावं लिबासपुर, जिला सोनीपत बयान करते हैं कि हमारा पुत्र प्रदीप व पुत्रवधु सोनाली हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Raj Kumar Yadav Additional District and Sessions Judge Rohtak
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in
Smt. Khilari W/o Yashpal Vs. General Public
CNR No. HRRH01-000174-2024
Next Date:- 05-03-2024
Smt. Khilari W/o Yashpal R/o H. No. 863 Ward No. 11 Near Bangla Sahib Gurudwara, Balak Nath Colony, Rohtak age 50 years Mob. No. 8059451567 Petitioner
Versus
1. General Public
2. Naveen S/o Yashpal R/o H. No. 863 Ward No. 11 Near Bangla Sahib Gurudwara, Balak Nath Colony, Rohtak.
3. Poonam Gill D/o Yashpal & W/o Sh. Amit Kumar R/o 15 Oligantha Elbow, Banksia Grove, Western Australia through her brother and attorney holder Naveen
Respondents
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 05-03-2024 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 05-03-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd. gov.in/?trs- district notice &district=Rohtak
Given under my hand and the seal of the Court, this 19-01-2024.
Sd/-Additional District and Sessions Judge, Rohtak

## राशिफल

**मेष** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

# बजट में कृषि-कर्ज लक्ष्य को बढ़ाकर 22-25 लाख करोड़ रुपये किये जाने की संभावना


भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सरकार आगामी अंतरिम बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि कर्ज लक्ष्य को 22-25 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने की घोषणा कर सकती है। साथ ही यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक पात्र किसान की संस्थागत ऋण तक पहुंच हो। सूत्रों ने यह जानकारी दी। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का कृषि-ऋण लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपये है। वर्तमान में, सरकार सभी वित्तीय संस्थानों के लिए तीन लाख रुपये तक के अल्पकालिक कृषि ऋण पर दो प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान करती है। इसका मतलब है कि किसानों को प्रति वर्ष सात प्रतिशत की रियायती दर पर तीन लाख रुपये तक का कृषि ऋण मिल रहा है। समय पर भुगतान करने वाले किसानों को प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज छूट भी प्रदान की जा रही है। किसान दीर्घकालिक ऋण भी ले सकते हैं लेकिन ब्याज दर बाजार दर के अनुसार होती है। सूत्रों ने कहा कि वित्तवर्ष 2024-25 के लिए कृषि-ऋण लक्ष्य बढ़कर 22-25 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। कृषि-ऋण पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है और सरकार छूटे हुए पात्र किसानों की पहचान करने और उन्हें ऋण नेटवर्क में लाने के लिए कई अभियान चला रही है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने एक केंद्रित दृष्टिकोण के तहत 'क्रेडिट' पर (ऋण के लिए) एक अलग प्रभाग भी बनाया है। इसके अलावा, सूत्रों ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में विभिन्न कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण वितरण लक्ष्य से अधिक रहा है। सरकारी आंकड़े दर्शाते हैं कि चालू वित्तवर्ष में, दिसंबर 2023 तक 20 लाख करोड़ रुपये के कृषि-ऋण लक्ष्य का लगभग 82 प्रतिशत हासिल कर लिया गया है।

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने नई योजना लॉन्च की

**मुंबई।** मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने एक नयी योजना लॉन्च की है। यह योजना, एलआईसी की जीवन धारा II जो 22.01.2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। एलआईसी की जीवन धारा-II एक व्यक्तिगत, बचत, आस्थिगत वार्षिकी योजना है। इस योजना की विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) यूआईएन- 512एन36वी01 है। इस योजना में वार्षिकीग्राही/प्राथमिक/माध्यमिक के लिए प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 20 वर्ष (विगत जन्मदिन) वार्षिकीधारक एवं प्रवेश पर अधिकतम आयु 65, 70, 80 वर्ष है, जिसमें से चुने गए वार्षिकी विकल्प के आधार पर स्थगन अवधि घटा दी गई है। * वार्षिकी की गारंटी शुरुआत से ही दी जाती है और 11 वार्षिकी विकल्प उपलब्ध हैं। संभावित पॉलिसीधारक -अधिक उम्र में वार्षिकी दरें अधिक होती हैं। जीवन कवर आस्थगन अवधि के दौरान उपलब्ध है। इन विकल्पों में से चुनने का लचीलापन भी हैः - (अ) नियमित प्रीमियम व एकल प्रीमियम। (ब) एकल जीवन वार्षिकी और संयुक्त जीवन वार्षिकी। (स) उपलब्ध स्थगन अवधि (5 वर्ष से 15 वर्ष तक (नियमित के मामले में)। प्रीमियम) एवं 1 वर्ष से 15 वर्ष तक (एकल प्रीमियम के मामले में) अर्थात कब अपनी आवश्यकताओं के अनुसार वार्षिकी भुगतान शुरू करने के लिए।

## शब्द पहेली - 5403



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5402 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | य | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 5413

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल - 5412 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख को खिलाड़ियों ने कहा-ऐतिहासिक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*22 जनवरी का दिन रामभक्तों के लिए काफी ऐतिहासिक है। सोमवार ही के दिन अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12.20 बजे से हुई। मगर इससे पहले ही देशभर से रामभक्त अयोध्या पहुंच चुके थे। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शामिल हुए। टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की तस्वीर वायरल हो रही है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले भी पहले ही अयोध्या पहुंच गए थे। उनका भी लखनऊ पहुंचने का वीडियो पहले ही वायरल हो गया था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद पहले से ही अयोध्या में थे। वेंकटेश प्रसाद वहां से तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। प्रसाद का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वेंकटेश वीडियो में कह रहे हैं, 'एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम।'*









### बस राममय हूं



*सहवाग ने एक्स पर लिखा, 'भावुक हूं, आनंदित हूं। मर्यादित हूं, शरणागत हूं। सन्तुष्ट हूं, निःशब्द हूं। बस राममय हूं। सियावर रामचंद्र जी की जय। राम लला आ गए। सभी जिन्होंने इसको सम्भव किया, बलिदान दिया, उनका कृतज्ञ। जय श्री राम।'*

*- वीरेन्द्र सहवाग*

### जय श्री राम



*'खुशी के आंसू और दिल भक्ति और खुशी से भरे हुए। सियावर रामचन्द्र जी की जय। जय श्री राम।'*

*- वीवीएस लक्ष्मण*

### यह एक अद्भुत अवसर

'यह एक अद्भुत अवसर है, एक बहुत ही दिव्य अवसर। इसका हिस्सा बनकर धन्य हूं। यह ऐतिहासिक है। राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।'

- अनिल कुंबले



## राम मंदिर से शांति और आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ेगा



***जोहानिसबर्ग।*** *दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए उम्मीद जतायी कि यह पूरी मानवता के लिए शांति और सद्भाव लाएगा। महाराज जब क्रिकेट के मैदान पर उतरते हैं तब आम तौर पर स्टेडियम में 'राम सिया राम' की धुन बजने लगती है। इस 33 साल के वामहस्त स्पिनर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की सराहना करते हुए अपने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो साझा किया।इस वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, 'मैं महेश कुमार (जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत) और दक्षिण अफ्रीका में पूरे भारतीय समुदाय को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान लाए।' केशव महाराज के परिवार का ताल्लुक मूल रूप से उत्तर प्रदेश ये है। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि इस धुन से वह सहज महसूस करते हैं।*

### कूलहोफ-मेकटिक को 7-6 7-6 से हराया

## बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न



भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को यहां नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कूलहोफ और मेकटिक की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी के खिलाफ 7-6 7-6 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने दोनों सेट में शुरुआत में ही सर्विस गंवाई लेकिन 14वीं वरीय जोड़ी के खिलाफ वापसी करते हुए जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन क्वार्टर फाइनल में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलटेनी की अर्जेन्टीना की छठी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

## सात्विक-चिराग हटे, भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

**जकार्ता।** स्टार एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे क्योंकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए काम के बोझ को कम करने के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। भारतीय जोड़ी के हटने से टूर्नामेंट की चमक कुछ कम होगी लेकिन दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुष एकल में 32 खिलाड़ियों में ड्रॉ में सातवीं वरीयता के साथ प्रणय एकमात्र वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के लोह कीन यीयु के खिलाफ करेंगे जिनके खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 4-1 है। महिला युगल और मिश्रित युगल में भारत की कोई जोड़ी नहीं उतरेगी।

## कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट से हटे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच से हट गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही प्रशंसकों और मीडिया से अपील की कि वे इस स्टार क्रिकेटर के ब्रेक लेने के कारणों पर अटकलें लगाना बंद करें। पांच मैच की श्रृंखला हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होगी। बीसीसीआई जल्द ही उनके विकल्प की घोषणा करेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, 'विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट से उन्हें हटाने का आग्रह किया है।

## दीपक और निशांत भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव को भारत की नौ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम में जगह मिली है। दोनों 29 फरवरी से 12 मार्च तक इटली के बुस्तो अरसिजियो में होने वाले पहले क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा) को भी भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा सोमवार को घोषित भारतीय टीम में जगह मिली है। दीपक (51 किग्रा) ने बीएफआई की मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल को पछाड़कर टीम में जगह बनाई। दीपक और निशांत (71 किग्रा) के अलावा 2022 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) की टीम में वापसी हुई है। युवा महिला विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), गत राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को भी टीम में जगह दी गई है।

### भारतीय टीम

**महिलाः** जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (66 किग्रा)। पुरुषः दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक)।


## खेलो इंडियाः हरियाणा ने कबड्डी में सूपड़ा साफ किया

### महाराष्ट्र के स्वर्ण पदकों की संख्या 5 तक पहुंची

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

गत चैंपियन महाराष्ट्र और पिछले सत्र के उपविजेता हरियाणा ने सोमवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों में सोमवार को पांच और चार स्वर्ण पदक जीतने के साथ तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। मेजबान तमिलनाडु ने छह स्वर्ण के साथ पदक तालिका में अपना दबदबा कायम रखा। उसने साइक्लिंग वेलोड्रोम में दो स्वर्ण पदक जीते। महाराष्ट्र ने जिम्नास्टिक और योगासन में दो-दो स्वर्ण और तलवारबाजी में एक स्वर्ण पदक जीता।

हरियाणा ने जूडो और तलवारबाजी में एक-एक स्वर्ण पदक जीतने के अलावा, कबड्डी स्वर्ण में सूपड़ा साफ किया। जुडोका मेहेरुदक मकवाना (52 किग्रा) और शाहीन दरजादा (57 किग्रा) ने रविवार को जीते गए स्वर्ण पदक में दो और स्वर्ण जोड़े जिसके बाद गुजरात तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। तेलंगाना ने जिमनास्टिक और साइकिलिंग में एक-एक स्वर्ण पदक हासिल किया। जिमनास्ट आर्यन दावंडे ने कलात्मक ऑल-राउंड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन से महाराष्ट्र के लिए स्वर्ण पदक की शुरुआत की, जबकि संयुक्ता काले ने लड़कियों की लयबद्ध ऑल-राउंड प्रतियोगिता में कुल 102.75 अंक हासिल कर खिताब जीता। रुद्राक्षी भावे ने योगासन में लड़कियों की कलात्मक एकल श्रेणी में महाराष्ट्र के लिए दमदार प्रदर्शन किया। रोहन तायडे ने लड़कों के कलात्मक एकल में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले तलवारबाजी में माही अराडवाड ने लड़कियों के एपी फाइनल में हरियाणा की अनुप्रिया पर 15-11 की जीत के साथ राज्य के लिए दिन का पांचवां स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा ने कबड्डी में दोनों स्वर्ण जीते। लड़कों की टीम ने फाइनल में राजस्थान को 43-28 से हराया, जबकि लड़कियों ने तमिलनाडु को 40-33 से हराया।

## चिंतन

# भारतीय सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल

आज 22 जनवरी सोमवार को भारत का करीब 500 वर्ष का सपना पूरा हुआ। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब रामलला एक दिव्य मंदिर में विराजेंगे। वास्तुकला की पारंपरिक नागर शैली में निर्मित मंदिर, लंबाई में 380 फुट (पूर्व-पश्चिम), चौड़ाई में 250 फुट और ऊंचाई में 161 फुट आकार का है। यह 392 स्तंभों पर टिका है और इसमें 44 दरवाजे हैं। 22 जनवरी की तारीख एक नए कालचक्र का उद्गम है। यह क्षण पवित्रतम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का राजनीतिक लाभ लेने की जो भी कोशिश हो, लेकिन सबसे अधिक इसका सांस्कृतिक महत्व ही है। भारतीय समावेशी संस्कृति के प्रतीक पुरुष श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर में विराजना सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल है। आज समूचा देश राममय है। अमेरिका, कनाडा, रूस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, ब्रिटेन, यूएई आदि समेत विश्वभर में बसे हिंदुओं में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी है। पाकिस्तान और कतर जैसे देशों के मीडिया में जरूर भारत को लेकर नकारात्मक रुख हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि भारत के संविधान में ही शिव, राम, कृष्ण, बुद्ध अंकित हैं। पाक ने तो खुद को इस्लामिक राष्ट्र ही बना लिया है, तो वह किस मुंह से भारत को धर्मनिरपेक्षता की नसीहत दे रहा है? खैर, आज राम के सबको साथ लेकर चलने के संदेश को आत्मसात करने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया और लोगों से अगले 1,000 वर्षों के मजबूत भारत की नींव बनाने का आह्वान किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 'सियावर रामचंद्र की जय' और 'जय श्री राम' के उद्घोष से समूची अयोध्या गुंजायमान हो उठी। अयोध्या में रामलला की स्थापना जीत का नहीं, राम की विनम्रता व विनयशीलता की प्रतिस्थापना है। यह राम मंदिर समृद्ध और विकसित भारत के उदय का गवाह बनेगा। यह केवल एक मंदिर भर नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक चेतना के उत्थान का प्रतीक स्थल है। आज जिस तरह समूचे देश में राम के प्रति आस्था का सैलाब उमड़ा, यह प्रमाण है कि भारत के जनमानस में प्राण प्रण से राम स्थापित हैं। भारत की सांस्कृतिक पहचान राम हैं, जो समूचे राष्ट्र को जोड़कर रखते हैं। भगवान राम देश के संविधान की पहली प्रति में निवास करते थे। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। भारत की न्यायपालिका ने न्याय की लाज रखी। राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज देश को सदियों के राम मंदिर को लेकर धैर्य की धरोहर मिली है। राम मंदिर भारत की दृष्टि का, दर्शन का, दिग्दर्शन का मंदिर है। यह राष्ट्र चेतना का मंदिर है। अयोध्या में केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है, बल्कि यह राम के रूप में भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है व यह मानवीय मूल्यों और सर्वोच्च आदर्शों की भी प्राण प्रतिष्ठा है। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है। जो लोग आमंत्रण ठुकराकर अपनी राजनीति के चलते अयोध्या नहीं गए, उन्हें राम की विनयशीलता से सीखना चाहिए, उन्हें समझना चाहिए कि राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम आग नहीं ऊर्जा हैं, आज समूचा राष्ट्र राम की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा से ऊर्जामय है। हम अतीत की कड़वाहट से बाहर निकलें और एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए आगे बढ़ें।

# बदले भारत का प्रतीक बनी अयोध्या



प्राण प्रतिष्ठा
अवधेश कुमार

> प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता। अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों-समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह की जागृति सुखद व अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

मैं पिछले कई दिनों से अयोध्या में हूं। हमारे देश के उन बुद्धिजीवियों और नेताओं को, जो समय की धारा को नहीं पहचानते, अयोध्या के वातावरण का अनुमान भी नहीं होगा। आप कल्पना करिए कि कैसा माहौल है? पूरे अयोध्या जिला को पुलिस ने सील कर दिया। जिन्हें निमंत्रण है, जिनको पास मिला है, वही गाड़ियां 21- 22 - 23 जनवरी को अयोध्या आ सकी है । बावजूद हजारों की संख्या में सभी उम्र के लोग अयोध्या पहुंचे हुए हैं। मुख्य सड़कें लोगों से भरी हुई रही। लोग पैदल चल कर भी अयोध्या पहुंचे हैं। यहां भारी सुरक्षा सख्ती है। लोगों को असुविधाएं हैं। बावजूद मैंने जितने भी सामान्य लोगों से बात की किसी ने भी इस पर प्रश्न नहीं उठाया। पुलिस ने लोगों को रोका हुआ है, लोग सड़कों पर खड़े हैं लेकिन ज्यादातर के चेहरे पर प्रसन्नता का भाव है। ऐसा वातावरण इसके पहले शायद ही किसी ने देखा होगा। आम तौर पर जब सुरक्षा सख्त होती है तो लोगों की आवाज उसके विरुद्ध निकलती है लेकिन अब किसी से पूछिए तो कहेंगे कि हमें कोई परेशानी नहीं है। दर्शन आज नहीं तो कल हो जाएगा। इसका अर्थ क्या है?

भारत के सामूहिक मानस का यही बदलाव आज समझने की आवश्यकता है। अगर आप थोड़ी सूक्ष्मता से विचार करेंगे तो ऐसा लगेगा कि संपूर्ण अयोध्या भारतमय है राममय है और संपूर्ण भारत इस समय अयोध्यामय और राममय हो गया है। अयोध्या के भारतमय, राममय और भारत के राममय में होने के गहरे निहितार्थों को भी समझना आवश्यक है। किसी भी देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की धाराएं इसी तरह प्रभावी होती हैं। राम मंदिर का आंदोलन किसी सामान्य मंदिर निर्माण का आंदोलन नहीं था। यह यह ध्वस्त की गई मंदिर के पुनर्निर्माण के द्वारा भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आंदोलन था। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ दिखाई पड़ रहा है कि स्वतः स्फूर्त भाव से उत्साह और उमंग लिए हुए लोगों का अयोध्या आगमन सांस्कृतिक पुनर्जागरण के धीरे-धीरे सशक्त होने का प्रमाण है। या इस बात को प्रमाणित करता है कि जिन लोगों ने अयोध्या में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने के विरुद्ध तथा राम मंदिर के पुनर्निर्माण के आंदोलन की कल्पना की वे वाकई दूरदर्शी थे। अयोध्या का चित्र बता रहा है कि भारत के आम लोगों ने अपनी भावनाओं और व्यवहार से उन सबको सच्ची श्रद्धांजलि देने की शुरुआत कर दी है।

प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता। वास्तव में यह भारत में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति की लहर जैसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दक्षिण भारत में तमिलनाडु के उन मंदिरों-धर्म स्थानों का दौरा किया जहां वन यात्रा में रामचंद्र जी गए थे या उनसे जुड़े या उनकी भक्ति से जुड़े हुए हैं। तमिलनाडु से सनातन और हिंदुत्व के विरुद्ध तथा उत्तर दक्षिण को बांटने के स्वर के मध्य तथा प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस यात्रा के प्रभावों का आकलन करने में थोड़ा समय लगेगा। प्रधानमंत्री की तमिलनाडु यात्रा से उत्तर



और दक्षिण का भेद खड़ा करने की चेष्टा का सकारात्मक सांस्कृतिक आध्यात्मिक प्रत्युत्तर मिला है। आम लोगों के लिए इसके कोई मायने नहीं है कि किसे निमंत्रण मिला, किसे नहीं मिला, कौन आए कौन नहीं आए। अयोध्या पहुंचकर लगेगा ही नहीं कि जिन लोगों ने प्रश्न उठाए या विरोध किया उनका कोई संज्ञान भी लेने को तैयार है।

अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लेने वाले बता रहे हैं कि अगर उस समय सड़कें ऐसी होतीं, खुला वातावरण होता तो 30 अक्टूबर, 1989 और 2 नवंबर, 1989 के गोली चालन में उतनी संख्या में कारसेवक नहीं मारे जाते, लेकिन न भागने का स्थान और न बचने का। अयोध्या आंदोलन के प्रभावी होने और भारी संख्या में लोगों के लगातार पहुंचते रहने के बावजूद केंद्र और राज्य की सरकारों ने कभी भी यहां सड़कों और आम जनता की सुविधाओं के निर्माण की दृष्टि से काम किया ही नहीं। इस नाते भी यह बदली हुआ अयोध्या है। आज यह इतनी अंतर्शक्ति पा गया है कि संपूर्ण भारत की मानसिक चेतना को बदलने का आधार साबित हो सकता है।

जब आपके लक्ष्य छोटे हो तो फिर छोटे स्तर से विचार करते हैं किंतु लक्ष्य बड़े हों तो आपके विचार की परिधि भी व्यापक हो जाती है। अगर भारत के लंबे भविष्य की दृष्टि से काम करना हो तो ऐसे अवसरों पर कोई विरोधी और दुश्मन नहीं हो सकता। इसीलिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विरोधियों को भी आमंत्रित किया गया। यहां तक कि मुकदमे के विरोधी पक्षकारों को भी आमंत्रित किया गया। जैसा पूरे देश को पता है विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन समस्या यह थी कि संपूर्ण अयोध्या आंदोलन के दौरान जिन दलों और नेताओं ने इसका विरोध किया, उनको प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने के लिए कोई न कोई तार्किक आधार चाहिए था। वह मिलना संभव नहीं था। अयोध्या में आम आदमी की भाषा यही है कि विरोधी किस मुंह से प्राण प्रतिष्ठा में आते। अपने दुर्भाग्य से भाजपा और मोदी विरोधी राजनीतिक पार्टियां, बुद्धिजीवी और मीडिया के भी कुछ पुरोधा श्रीराम मंदिर से पैदा हुए भारत के सकारात्मक बदलावों को अभी भी समझने की कोशिश नहीं कर रहे। भारत का मूल धर्म व अध्यात्म रहा है। हमारे प्राचीन मनीषियों ने इसे पहचाना था। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। वास्तव में धर्म भारत के डीएनए में है । जो आपका मूल संस्कार होता है, उसे जागृत कर दिया जाए तो फिर वह उच्चता को प्राप्त करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों - समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। चाहे वह सोमनाथ का पुनर्निर्माण हो, अयोध्या आंदोलन या लंबे समय से चल रहे दूसरे मंदिरों के पुनरुद्धार का आंदोलन या फिर हिंदुत्व और हिंदू धर्म की नए सिरे से प्राचीन विरासत के आधार पर व्याख्या करने, इतिहास का पुनर्लेखन, राष्ट्र की परिभाषा अपनी सही सोच से निर्धारित करने, सब इसी दिशा के कदम हैं। स्वाभाविक ही इन सबका प्रभाव हुआ है और यह इस समय समग्र रूप में अयोध्या में दिख रहा है। यहां सामान्य लोग कहते हुए मिल जाएंगे कि हमको तो इतिहास गलत बताया गया। कल्पना करिए जिस व्यक्ति ने दसवीं तक की भी शिक्षा प्राप्त नहीं की वह इतिहास और संस्कृति की बात कर रहा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह उसकी संस्कारगत चेतना और जागृति सुखद और अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
डॉ. विनोद यादव



# महानायक सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रबोध मूल्यों से सीखें युवा

आज पराक्रम दिवस है, यानी स्वाधीनता आंदोलन के एक ऐसे महानायक का जन्मदिवस जो शौर्य, साहस और पुरुषार्थ के प्रणेता थे। आज पूरा देश महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मना रहा है। नेताजी की जयंती के मौके पर 5 वर्षों के अंतराल के बाद राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले में 'जयहिंद- लाइट एंड साउंड शो' शुरू हो रहा है। 1 घंटे के इस शो के अंतर्गत खासतौर पर नेताजी सुभाष चंद्र के अदम्य साहस की शौर्य गाथा और आजाद हिंद फौज के क्रांतिवीरों पर चले मुकदमों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

आजादी के आंदोलन के संदर्भ में लालकिला ऐसा ऐतिहासिक स्मारक है, जो सन सत्तावन के क्रांतिकारियों से लेकर आजाद हिंद फौज के सैनिक कमांडरों के अदम्य साहस और अपूर्व शौर्य की गवाही देता है। फर्क सिर्फ इतना है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिवीरों ने अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए जब मेरठ छावनी से 'दिल्ली चलो' के उद्घोष के साथ शंखनाद किया तो लालकिले पहुंचकर भारत का झंडा फहराया। किंतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से फौज के सैनिकों से 'दिल्ली चलो' का आवाह्न करते हुए उद्घोष किया-'चलो दिल्ली, जहां मीनार कुत्बी है... निशान-ए-हिंद (भारत के राष्ट्रीय ध्वज) को हम उस पर लहराएं/ चलो दिल्ली जवानों, हिंद को आजाद करवाएं/ यानी आजाद हिंद फौज के सैनिक दिल्ली को फतह करके कुतुब मीनार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहते थे। इतिहास गवाह है कि नेताजी का स्वाभिमान दुनिया में सबसे ऊंचा था, इसलिए वो भारत का झंडा सबसे ऊंचे स्मारक पर फहराना चाहते थे। उन दिनों राजधानी दिल्ली में सबसे ऊंची ऐतिहासिक इमारत



कुतुब मीनार ही थी, लेकिन आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों का वह सपना पूरा न हो सका। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार ने आजाद हिंद फौज के सैनिकों के इस सुनहरी सपने का पटाक्षेप कर दिया। बहरहाल, कुतब मीनार के साथ-साथ लाल किले का संबंध भी आजाद हिंद फौज से जुड़ गया, जब फौज के मेजर जनरल शाहनवाज खान, कर्नल प्रेम सहगल और कर्नल गुरुबख्श सिंह ढिल्लो पर अंग्रेजों ने देशद्रोह का अभियोग लगाकर लालकिले को सैनिक अदालत के तौर पर चिह्नित किया। नेताजी सुभाष चंद्र के इन तीन फौजी अफसरों से संबंधित यह ऐतिहासिक मुकदमा हिंदुस्तान के इतिहास में 'लालकिला ट्रायल' के नाम से दर्ज है। आईएनए के इन अफसरों समेत तमाम सैनिकों के समर्थन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नामी-गिरामी नेता और जाने-माने वकील तेज बहादुर सप्रू, भूलाभाई देसाई, पं. जवाहरलाल नेहरू और कैलाश नाथ काटजू मुकादमा लड़ने के लिए आगे आए। इस दौरान पूरे मुल्क में देशभक्ति का बेमिसाल माहौल निर्मित हो गया, जवाहरलाल नेहरू पहली बार एडवोकेट की यूनिफॉर्म पहनकर अदालत में उपस्थित हुए। भूलाभाई देसाई व जवाहरलाल की सशक्त शानदार दलीलों ने मुकदमे को आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों के हक में कर दिया। आजाद हिंद फौज के समर्थन में पूरा देश एकजुट हो गया, देश के कोने-कोने में अंग्रेजी शासन के खिलाफ धरने-प्रदर्शन होने लगे। आखिरकार तीनों भारतीय वकीलों की जोरदार दलीलों और आईएनए के सपोर्ट में उमड़े तमाम भारतवासियों की एकजुटता की वजह से अंग्रेजों को तीनों अफसरों को रिहा करना पड़ा। वस्तुतः नेताजी सुभाष और उनकी आजाद हिंद फौज की गाथा, औपनिवेशिक शासन और साम्राज्यवाद के शोषण से त्रस्त भारतवासियों के नायक के जीवन-पर्यंत संघर्ष व जीवटता की ऐसी अमर कहानी है, जो हरेक भारतवासी की रगों में राष्ट्रवाद का संचार करती है। तमाम विधाओं में प्रवीणता व कुशल नेतृत्व क्षमता ही उन्हें आर्यावर्त भरतखण्ड से निकालकर जापान, जर्मनी, रूस और इटली जैसे देशों में भी लोकप्रिय बनाती है। उन्होंने अपनी सोच में, अपने चिंतन में बस एक विचार को दृढ़ बनाए रखा कि मनुष्य के समग्र विकास के लिए बौद्धिक कौशल और नैतिक चेतना दोनों जरूरी हैं। नेताजी का व्यक्तित्व व कृतित्व हरेक आयुवर्ग के भारतीयों के लिए आदर्श की राह है। नेताजी ने कहा था- 'हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी भारतभूमि की स्वतंत्रता का मूल्य अपने रक्त से चुकाएं।'

(लेखक शिक्षाविद एवम इतिहासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। *-मोरारी बापू*

# कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना




संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन

असम: मंदिर जाने से रोके जाने पर राहुल गांधी धरने पर बैठे




## आज की पाती

### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं। *-पीयूष गोयल, धमतरी*

## ट्रेंड

### अपना सोलर सिस्टम



सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मुझे रोका गया



भारत की सांस्कृतिक विविधता को शंकर देव जी ने भक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोया, लेकिन आज मुझे उन्हीं के स्थान पर माथा टेकने से रोका गया। मैंने मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जीने के लिए समर्पित



आज मंडे मोटिवेशन भगवान राम हैं। वह एक ऐसी शख्सियत हैं जो धर्म से परे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसी की आस्था क्या है, हम सभी ऐसी अवधारणा के प्रति आकर्षित हैं जो सम्मान और मजबूत मूल्यों के साथ जीने के लिए समर्पित है।
-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### अपने अपने राम



बस क्या कहूं। जो भी बोलना-कहना सीखा था वो सब आज मौन और आंसुओं में बदल गया। राघवेंद्र सरकार राम के दर्शन करके जब अयोध्या के राम-मार्ग पर निकला तो कुमार भैया और अपने अपने राम का जयघोष कर-करके अभिवादन किया।
-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर


### दुनियाभर में मना रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव...



अयोध्या में सोमवार को हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने के लिए राम भक्तों और भारतीय समुदाय के सदस्य न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्कवायर सहित दुनियाभर में विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए, प्रार्थना सभाएं कीं, कार रैली निकाली और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये।
अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। लोगों को पारंपरिक पोशाक पहने, नृत्य करते, भजन और अन्य गीत गाते देखा गया। वाशिंगटन में वर्जीनिया के फेयरफैक्स काउंटी में स्थित एसवी लोटस टेम्पल में सिख, मुस्लिम और पाकिस्तानी-अमेरिकी समुदाय के सदस्य भी इस समारोह में शामिल हुए। रविवार को हुए कार्यक्रम में 2,500 से ज्यादा लोग शामिल हुए। अमेरिकी शेयर बाजार 'नैस्डैक' की स्क्रीन पर भी राम मंदिर की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के तुरंत बाद वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका और विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने दोनों देशों में एक हजार से अधिक मंदिरों के दर्शन के लिए 'राम मंदिर यात्रा' की घोषणा की।

## ऑफ बीट


### मृत्युलेखों में पालतू जानवरों का उल्लेख अधिक हो रहा



जानवर हमारे जीवन में कई अलग-अलग भूमिका निभाते हैं। कुछ लोग उन्हें परिवार का सदस्य मानते हैं, जबकि अन्य दैनिक सैर की याद दिलाने के रूप में उनकी सराहना करते हैं। सेना में काम करने वाले कुत्तों और भावनात्मक सहयोग देने वाले जानवरों से लेकर दरवाजे पर हमारा स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे पालतू जानवरों तक, ये जानवर हमारे जीवन में खुशी, आराम और साथ ला सकते हैं। तो स्वाभाविक रूप से, ये रिश्ते जीवन भर जारी रहेंगे - या कम से कम मृत्यु के बाद भी स्मरण किए जाएंगे। टोरंटो स्टार ने हाल ही में ओकविले, ओंटारियो के पालतू जानवरों के कब्रिस्तान से 600 से अधिक जानवरों को निकालने और दूसरी जगह ले जाने के प्रयासों पर रिपोर्ट दी। जैसे यह कहानी सामने आई और जैसा कि कई अन्य लोग ध्यान देंगे, जानवरों को दफनाना, उनपर लेप लगाना या अंतिम संस्कार करना शायद ही कोई नई प्रथा है। ये अंत्येष्टि प्रथाएं एक पालतू जानवर और उन सभी चीजों का सम्मान करने के तरीके प्रदान करती हैं जो हमारे लिए मायने रखती हैं। लेकिन तब क्या जब मालिक पहले मर जाए? जैसा कि पता चला है, अब पालतू जानवरों को रखने वाले ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जिनके मरने के बाद उनके मृत्युलेखों में उनके जानवरों का उल्लेख भी किया जाता है।

# घर बिराजे रामलला





...ये तस्वीरें याद ही रहेंगी





# ...दीपोत्सव

## रंगबिरंगी रोशनी से नहायी रामनगरी, पूरे देश में जश्न, दुनिया ने देखी भव्यता

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गई है। 500 वर्षों से अधिक का इंतजार खत्म हो गया है। रामलला राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में दीपोत्सव के मनाया गया। इसके बाद अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम का चित्रण करने वाला लेजर और लाइट शो का आयोजन हुआ। नेपाल के जनकपुर में भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 'दीपोत्सव' मनाया जा रहा है। जनकपुर रंगबिरंगी रोशनी और सैकड़ों दीयों से जगमगा उठा है।



### कनाडा ने 22 जनवरी को राम दिवस घोषित किया

कनाडा ने भी राम मंदिर के लिए भारत को बड़ा तोहफा दे दिया है। कनाडा ने 22 जनवरी को अयोध्या राम दिवस घोषित करने का फैसला किया है। कनाडा के तीन शहरों ब्रैम्पटन, ओकविले और ब्रैंटफोर्ड ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर दिवस की सफलतापूर्वक घोषणाएं की हैं।

### दुनिया भर में उत्सव

**वाशिंगटन/पोर्ट ऑफ स्पेन।** अयोध्या में सोमवार को हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने के लिए राम भक्तों और भारतीय समुदाय के सदस्य न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्कवायर सहित दुनियाभर में विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए, प्रार्थना सभाएं कीं, कार रैली निकाली और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये। अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। लोगों को पारंपरिक पोशाक पहने, नृत्य करते, भजन और अन्य गीत गाते देखा गया।

### ...और झूम उठा पूरा देश

- तमिलनाडु के चेन्नई में दीये जलाए गए
- दिल्ली में एम्स के बाहर मनी दिवाली
- अयोध्या में आतिशबाजी भी की गई
- छत्तीसगढ़ में मिट्टी के दीपक जलाए गए
- अयोध्या के सरयू घाट पर लाइट शो
- बिहार के पटना में भी दीपोत्सव
- जनकपुर में भी मनाया गया दीपोत्सव



### सौभाग्य की बात : द्रौपदी मुर्मू




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्होंने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर खुशी जताई। राष्ट्रपति बोलीं- बाल राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन बाल पुरस्कार बांटना सौभाग्य की बात है। ऐसे दिन सदियों में एक बात आता है। यह हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का क्षण है। इस क्षण का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है।

### शुचिता का प्रकाश फैले : धनखड़



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि 22 जनवरी के दिन को भारतीय सभ्यता के इतिहास में दिव्यता के साथ साक्षात्कार के क्षण के रूप में परिभाषित किया जाएगा। प्रभु श्री राम के क्षमा, सत्यनिष्ठा, पराक्रम, शालीनता, दया और करुणा जैसे सद्गुणों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें जिससे हमारे चारों ओर शांति, सौहार्द, शुचिता का प्रकाश फैले।'

### बहुत खुशी की बात : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि यह क्रांतिकारी कार्य हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति महसूस कर रहा है कि नए युग की शुरुआत हो रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के फलस्वरूप हम सभी महसूस कर रहे हैं कि लंबे समय के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम राम अयोध्या वापस आ रहे हैं।" उन्होंने कहा, " यह हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है।

### क्षण धन्य करने वाला : नड्डा



'सनातन संस्कृति के धर्मावलंबियों के लिए यह पावन क्षण धन्य करने वाला है। सदियों की प्रतीक्षा, त्याग व बलिदान से प्राप्त हुए इस पुण्य अवसर ने हमारे अंतर्मन में प्रभु (श्री राम) के उच्च आदर्शों को आत्मार्पित कर अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा दी है। मंदिर निर्माण का संकल्प सिद्ध होने पर पीएम का आभार।

**हिंदू और मुस्लिम एकता का संदेश**

### मुस्लिम परिवार में जन्मे बच्चे का नाम राम-रहीम रखा

**संभल/फिरोजाबाद।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोमवार को फिरोजाबाद में एक मुस्लिम परिवार में जन्मे बच्चे का नाम भगवान राम के नाम पर रखा गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नवीन जैन ने बताया, " प्रसूता का नाम फरजाना है और आज उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे की दादी हुस्न बानो ने उसका नाम राम रहीम रखा है।" बानो ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश देने के लिए ऐसा किया है।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर : योगी आदित्यनाथ



अयोध्या (उप्र), 22 जनवरी (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में 'श्री राम लला' की प्राण प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर और राम मंदिर को 'राष्ट्र मंदिर' बताते हुए कहा कि अवधपुरी में रामलला का विराजना रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा भी है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राम मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के बाद उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा, ₹श्री राम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है। यह राष्ट्र मंदिर है। निसंदेह श्री राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का एक ऐतिहासिक अवसर है।₹ आदित्यनाथ ने कहा, ₹निश्चिंत रहिए। प्रभु राम की कृपा से अब कोई अयोध्या की परिक्रमा में बाधा नहीं बन पाएगा। अयोध्या की गलियों में अब गोलियों की गड़गड़ाहट नहीं होगी। कर्फ्यू नहीं लगेगा। अब यहां दीपोत्सव, रामोत्सव होगा और श्री राम संकीर्तन से यहां की गलियां गुंजायमान होगी क्योंकि अवधपुरी में राम लला का विराजना राम राज्य की स्थापना की एक उद्घोषणा भी है।

### श्रीराम जन्मभूमि मंदिर युगों-युगों तक सनातन संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक रहेगा: शाह



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में सोमवार को श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा को करोड़ों राम भक्तों के लिए अविस्मरणीय दिन करार दिया और कहा कि यह मंदिर युगों-युगों तक सनातन संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक रहेगा। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जय श्री राम- ड्ड5 सदी की प्रतीक्षा और प्रतिज्ञा आज पूर्ण हुई।' उन्होंने कहा, "आज का दिन करोड़ों रामभक्तों के लिये कभी ना भूलने वाला दिन है। आज जब हमारे रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तब असंख्य रामभक्तों की तरह मैं भी भावविभोर हूं। इस भावना को शब्दों में समेट पाना संभव नहीं है।" शाह ने कहा कि इस पल की प्रतीक्षा में न जाने कितनी पीढ़ियां खप गईं लेकिन कोई भी डर और आतंक रामजन्मभूमि पर फिर से मंदिर बनाने के संकल्प और विश्वास को डिगा नहीं पाया। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने राम मंदिर के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले सभी लोगों को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अनेक अपमान और यातनाएं सहीं पर धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा।

### राम काज के तीन चेहरे



**अरुण योगीराज**

रामलला की मूर्ति बनाई अरुण, मैसूर महल के प्रसिद्ध मूर्तिकारों के परिवार से हैं।



**सत्यनारायण पांडेय**

सत्यनारायण पांडेय ने रामलला के बाल स्वरूप की तीन में से एक मूर्ति तैयार की है।



**मनीष त्रिपाठी**

भगवान राम के वस्त्र अंबेडकरनगर के डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने तैयार किए हैं।


### काली क्यों है रामलला की मूर्ति

रामलला की मूर्ति बेहद ही खूबसूरत है। इस मूर्ति में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। राम लला के चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान दिखाई दे रही है। इनकी मूर्ति का निर्माण श्याम शिला से हुआ है, जिसका रंग काला होता है। इस वजह से भी रामलला की मूर्ति श्यामल है। इस काले पत्थर को कृष्ण शिला कहा जाता है।



शास्त्रों में जिस कृष्ण शिला से रामलला की मूर्ति का निर्माण हुआ है उसे बेहद खास माना जाता है। जिस श्याम शिला से भगवान राम की मूर्ति बनाई गई है, उसकी आयु हजारों साल होती है। मूर्ति को जल से कोई नुकसान नहीं होगा। साथ ही कहा जा रहा है कि चंदन, रोली आदि लगाने से भी मूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### मेहमानों को मिला विशेष प्रसादम




समारोह में आए मेहमानों को एक विशेष 'प्रसादम' दिया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस प्रसाद के 15 हजार पैकेट तैयार करवाए थे। यह प्रसाद एक थैले में था, जिसमें तुलसी की माला, अयोध्या पर एक किताब, धातु का दीया और भगवान राम के नाम वाला दुपट्टा शामिल था। इसमें ड्राय फ्रूट्स के लड्डू, गुड़ की रेवड़ी, रामदाना की चिक्की, अक्षत और रोली भी थी। इसके अलावा बॉक्स में रक्षा सूत्र (कलावा) भी है। प्रसाद के डिब्बे पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और हनुमानगढ़ी का लोगो भी है। इस पर चौपाई लिखी है, जिसमें राम जन्मभूमि में रामलला की नई प्रतिमा, प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बारे में लिखा गया है।

### सोना हुई रामनगरी की जमीन


धार्मिक नगरी केवल अध्यात्म ही नहीं बल्कि कारोबार का भी बड़ा केंद्र बनकर उभरती है। अयोध्या और काशी ने इसे साबित कर दिया है। कभी वीरान सी रहने वाली अयोध्या आज दमक रही है। जमीनों की कीमतें आसमान छू रही हैं। मांग का आलम ये है कि केवल दो साल में 80 हजार रजिस्ट्री रामनगरी में हो गई हैं। ये सिलसिला जारी है जो दूसरी धार्मिक नगरी काशी का रिकार्ड तोड़ सकती है। इसी अवधि में काशी में 1.20 लाख रजिस्ट्री की गईं।अयोध्या में जिस जमीन के भाव बीघा में लगते थे, आज नोएडा और लखनऊ की तरह वर्गफुट में आ गए हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2018 के बाद से अबतक अयोध्या में जमीन औसतन पांच से 10 गुना तक महंगी हो चुकी है। राममंदिर निर्माण पूरा होने तक यानी वर्ष 2026 तक जमीन की कीमतों में कम से कम 300 फीसदी की वृद्धि और होगी। स्टांप और पंजीयन विभाग के मुताबिक केवल दो साल में जमीन बेचने-खरीदने की होड़ ने सूरत-ए-हाल बदल दिया है। वर्ष 2022-23 में 45360 रजिस्ट्री अयोध्या में हुईं, जिससे विभाग को 177.37 करोड़ का राजस्व मिला।




भावुक हुई साध्वी रितंभरा




साधु-संतों का जमावड़ा



श्री-श्री और रामदेव भी पहुंचे



बिग-बी सपरिवार पहुंचे



बॉलीवुड भी जुटा



दक्षिण की भी भागीदारी



बिजनेस टायकून




## खबर संक्षेप

### अयोध्या के लिए सस्ती हो जाएगी फ्लाइट टिकट



**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाने वालों के लिए दस दिन बाद एयर टिकट सस्ती हो जाएगी।10 दिन बुकिंग कराते हैं तो मौजूदा कीमत से महज एक तिहाई यानी 70 फीसदी कम कीमत में एयर टिकट मिल जाएगी। साथ ही, अयोध्या पहुंचने के बाद आपको न ही एयरपोर्ट पर जद्दोजहद करनी पड़ेगी और ना ही भगवान राम के दर्शन में कोई विलंब होगा। मतलब 3 फरवरी से अयोध्या जाने के लिए 3522 से 4408 रुपए के बीच एयर टिकट उपलब्ध रहेगी।

### बकार्डी रमः दुनिया की सबसे लोकप्रिय शराब



**मुंबई।** बकार्डी को 'रम का राजा' कहा जाता है क्योंकि यह दुनिया में सबसे अधिक बिकने वाली रम है। आज यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित रम ब्रांडों में से एक है। बकार्डी के संस्थापक डॉन फैनको बकार्डी एक स्पेनिश यहूदी थे, जिन्होंने रम उत्पादन की एक तकनीक विकसित की थी। इस तकनीक के बाद बकार्डी रम ने जल्द ही विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर ली। अब इसकी बिक्री 200 से अधिक देशों में की जाती है।

### बंगाल की सीएम ने कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की

# ताकि वोट बैंक बना रहे...ममता बनर्जी ने कोलकाता में सर्वधर्म सद्भाव रैली की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने सोमवार को दोपहर में, कोलकाता में अपनी सर्वधर्म रैली शुरू करने से पहले कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरुद्वारे सहित विभिन्न धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पूजा स्थलों का दौरा किया।*

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में सर्वधर्म सद्भाव रैली की शुरुआत की। विभिन्न धर्मगुरुओं और पार्टी नेताओं के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बनर्जी ने यहां हाजरा मोड़ से 'संगति मार्च' शुरू किया। सफेद और नीली बॉर्डर वाली सूती साड़ी पहने और गले में शॉल लपेटे बेनर्जी को सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते देखा गया।

मुख्यमंत्री ने शहर के कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रैली शुरू की। इससे पहले बनर्जी ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का चुनावी तरीका बताकर आलोचना की थी। मुख्यमंत्री हाजरा मोड़ से रैली का नेतृत्व कर रही हैं। इस दौरान वह मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरुद्वारे सहित विभिन्न धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पूजा स्थलों का दौरा किया। रैली का समापन पार्क सर्कस मैदान में एक विशाल सभा के साथ किया।

**» अलग-अलग धर्मगुरुओं को रैली में किया शामिल**

**» भाजपा ने टीएमसी पर लगाया गुमराह करने का आरोप**



**नीले बॉर्डर वाली सफेद साड़ी में दिखीं ममता**

*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दोपहर में, कोलकाता में अपनी सर्वधर्म रैली शुरू करने से पहले कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। नीले बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहने ममता बेनर्जी को कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना करते देखा गया। पूजा के बाद, बेनर्जी हाजरा मोड़ से पार्क सर्कस मैदान तक एक सर्वधर्म सद्भाव रैली का नेतृत्व कर रही हैं।*

#### भाजपा ने टीएमसी पर लगाए गंभीरआरोप

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार लोगों को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी की संप्रीति (सौहार्द) रैली' लोगों को गुमराह करने की कोशिश है। घोष ने खड़गपुर में एक मंदिर में पूजा-अर्चना कर दिन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश में राम मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाए जाने पर पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार सर्व-धर्म रैली आयोजित कर लोगों को ऐसे जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। उनकी इन टिप्पणियों का टीएमसी ने जोरदार खंडन करते हुए कहा कि उसकी 'सर्व-धर्म' रैली का राम मंदिर उद्घाटन से कुछ लेना-देना नहीं है।

### सीजेआई चंद्रचूड़ कोर्ट में रहे मौजूद

## राम मंदिर का न्योता मिला पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई करते दिखे सीजेआई


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को भी अयोध्या में राम मंदिर में बाल राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण भेजा गया था। चीफ जस्टिस अयोध्या पर शीर्ष अदालत की फैसला सुनाने वाली बेंच का हिस्सा रहे थे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम चल रहा था। इधर, चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ अपने काम में लगे हुए थे। दरअसल, सोमवार को अदालत में छुट्टी नहीं थी और चीफ जस्टिस मामले की सुनवाई कर रहे थे। सुबह 10 बजे जब कोर्ट खुला तो चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ एक मामले की सुनवाई के लिए बैठे दिखे। केंद्र सरकार ने सोमवार को

#### ◆ सुप्रीम कोर्ट में नहीं था अवकाश

आधे दिन की छुट्टी की घोषणा कर रखी थी। इसके अलावा कई राज्यों में भी राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर छुट्टी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में अवकाश नहीं था। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ समेत अन्य जज मामलों की सुनवाई में व्यस्त दिखे।




## भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम पहुंची

## राहुल का आरोपः मंदिर जाने से रोका, फिर धरने पर बैठे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम तक पहुंच गई है। ऐसे में राहुल गांधी बोर्दोवा थान पर गए तो उन्हें बाहर ही रोका गया। क्योंकि वहां कि प्रबंधन समिति का कहना है कि राहुल गांधी अपराह्न तीन बजे के बाद ही वहां जाए न कि अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जाए।इस बीच राहुल धरना पर बैठ गए हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा उन्हें असम के नगांव में श्री श्री शंकर देव सत्र मंदिर में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक सुरक्षा अधिकारी से कहा 'क्या मामला है भाई? क्या मैं जाकर बैरिकेड्स देख सकता हूं? मैंने ऐसी क्या गलती की है कि मुझे मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई?राहुल ने मंदिर में जाने से रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्राधिकारियों से पूछा कि 'कौन तय करेंगे कि मंदिर में कौन जाएगा।

#### स्मृति ने राहुल पर कसा तंज

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि जब बरसात आती है तो छोटे-छोटे मेंढक निकल आते हैं। उसी तरह अब चुनाव आ रहा है तो लोग आयेंगे और जायेंगे। स्मृति ने कहा कि बरसात जाते ही यह मेंढक गायब हो जाते हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव आ रहा है तो यह लोग आए हैं और उसके बाद चले जाएंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके,दहशत में लोग

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। सोमवार रात को करीब 11.40 बजे के आसपास भूकंप के झटके आए। रक्टिर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि इसका सेंटर चीन के दक्षिणी शिनजियांग में था। इन झटकों ने लोगों की नींद उड़ा दी। घबराकर लोग अपने घरों से बाहर आ गए। लोगों ने बताया कि उन्होंने अपने बेड को हिलते हुए महसूस किया।




## अयोध्या में मस्जिद की डिजाइन को लेकर नहीं बन पा रही है सहमति

**अयोध्या।** रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। वहीं दूसरा पक्ष जो मस्जिद की डिमांड करता था, उसकी मस्जिद भी अयोध्या में आने वाले दिनों में देखने को मिलेगी। यह मस्जिद अयोध्या में श्री राम मंदिर से 25 किलोमीटर दूर धन्नीपुर गांव में बनाई जा रही है। साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मस्जिद का 2020 में शिलान्यास भी हुआ था लेकिन किन कारणों से अभी निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। मस्जिद के नक्शा पास होने के बाद मस्जिद का प्रमुख मुंबई के अरफात शेख को बनाया। अराफात निर्माण के लिए फंड रेजिंग पर काम करने लगे तो कई जगह से मस्जिद के स्ट्रक्चर के रिडिजाईनिंग का सुझाव आया। कुछ लोगों ने मौजूदा स्ट्रक्चर को बदलने का सुझाव दिया और कई तरह के तर्क दिए। मौजूदा स्ट्रक्टर प्रतीकात्मक रूप से मस्जिद नहीं लग रही।

## विलक्षण प्रतिभा के धनी 19 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 इस बार 19 बच्चों को दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विज्ञान भवन में इन बच्चों को सम्मानित किया। 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 9 लड़के और 10 लड़कियों को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। वहीं, मंगलवार यानी 23 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुरस्कार पाने वाले इन सभी से बातचीत करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार सरकार की एक पहल है। इसका उद्देश्य 5 से 18 साल की उम्र के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को पहचानना तथा उन्हें



**1** पुरस्कृत बच्चों से आज संवाद करेंगे पीएम मोदी

**2** 18 राज्यों के बच्चे हुए हैं पुरस्कृत

**पुरस्कार पाने वालों में 9 लड़के 10 लड़कियां हैं**

#### पुरस्कृत बच्चे

इन पुरस्कार विजेताओं में आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत), अनुष्का पाठक, अरिजीत बनर्जी, अरमान उबरानी, हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, इश्फाक हामिद, मोहम्मद हुसैन, पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया, सुहानी चौहान, आर्यन सिंह, अवनीश तिवारी, गरिमा, ज्योत्सना अख्तर, संयम मजूमदार, आदित्य यादव, चार्वी ए, जेसिका नेई सरिंग, लिन्थोई चनंबम और आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं।



#### छोटी उम्र में लिखीं तीन किताबें

मैथ्स के गूगल बॉय 6 वर्षीय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रहने वाले अरमान उबरानी राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए हैं। नन्हा अरमान गणित के सवालों को मिनटों में हल करता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25